RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच



पेज 7 एनिमल फेम अंशुल ने शेयर किए तेजस...

वर्ष : 25 | अंक : 351 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, सोमवार, 18 दिसंबर, 2023 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

# दुनिया का सबसे बड़ा 'मेडिटेशन सेंटर'

## काशी में पीएम ने 'स्वर्वेद महामंदिर' का उद्घाटन किया



वाराणसी (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज काशी में दुनिया के सबसे बड़े मेडिटेंशन सेंटर का उद्घाटन किया। वाराणसी दौरे के दूसरे दिन आज प्रदेश की जनता को उन्होंने 19,150 करोड़ की 37 परियोजनाओं की सौगात दी। उन्होंने मिशन-2024 का शंखनाद करते हुए बरकी में जनसभा को भी संबोधित किया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुनिया के सबसे बड़े मेडिटेशन सेंटर स्वर्वेद महामंदिर के उद्धाटन के बाद अपने संबोधन की शुरुआत दोहे के साथ की। इस दौरान उन्होंने कहा कि हर बार की तरह इस बार का भी काशी प्रवास सुखद रहा। उन्होंने कहा कि विरासत और विकास की पटरी पर आज भारत तेज गति से आगे बढ़ रहा है। काशी में स्वर्वेद मंदिर के लोकार्पण में शामिल होना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इस पावन अवसर पर यहां 25 हज़ार कुंडीय स्वर्वेद ज्ञान महायज्ञ का आयोजन हो रहा है। मुझे खुशी और विश्वास है कि इस महायज्ञ की हर एक आहूति से विकसित भारत का संकल्प और सशक्त होगा।

पीएम मोदी ने कहा कि योग और खेल को जीवन का हिस्सा बनाएं। फिटनेस को जीवन का हिसा बनाएं। हम काशी के विकास के लिए काम कर रहे हैं। (शेष पृष्ठ-4 पर)



### सात मंजिला स्वर्वेद महामंदिर

पीएम मोदी ने 180 फीट ऊंचे सात मंजिला स्वर्वेद महामंदिर का उद्धाटन किया। यह मंदिर दुनिया का सबसे अनोखा मंदिर है। स्वर्वेद महामंदिर की संगमरमरी दीवारों पर स्वर्वेद के चार हजार दोहे लिखे हैं। 19 साल तक लगातार छह सौ कारीगर, दो सौ मजदूर और 15 इंजीनियर की मेहनत आज महामंदिर के पूर्ण स्वरूप में साकार हो चुकी है। हालांकि मंदिर का प्रथम तल ही आम लोगों के लिए खुलेगा और इसे पूरी तरह शुरू होने में दो साल का समय और लगेगा। इसे आज से पीएम नरेंद्र मोदी ने आम जनता को समर्पित किया।

# दाउद को पाकिस्तान में दिया गया जहर!

## कराची व कई शहरों में इंटरनेट डाउन



**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** मोस्ट वांटेड अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम को लेकर एक बड़ी खबर सोशल मीडिया पर चल रही है। बताया जाता है कि उसे कराची में किसी अज्ञात शख्स ने जहर दे दिया। जिसके बाद वो अस्पताल में भर्ती है। उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। हालांकि इस खबर को लेकर अभी तक अधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है। पाकिस्तान की पत्रकार आरजूकाजमी ने भी दावा किया है कि दाउद अस्पताल में भर्ती है जिसके बाद कराची और उसके आसपास के कई शहरों में इंटरनेट डाउन हो गया है।

वहीं एक ऐसी भी खबर है कि दाऊद की गैंग के पूर्व सदस्य ने दावा किया है कि दाऊद गंभीर बीमारी के कारण अस्पताल में भर्ती है। उसे दो दिन पहले यहां लाया गया था। यहां उसे कड़ी सुरक्षा के बीच रखा गया है। जिस फ्लोर पर दाऊद का रूम है, वहां किसी को आने जाने की इजाजत नहीं है। वहां केवल उसके परिवार के लोग और शीर्ष अधिकारी जा सकते हैं। पाकिस्तान से पहले भी दाउद के मारे जाने की खबर सामने आ चुकी है। लेकिन हर बार उसे कराची में पूरी सुरक्षा के साथ रहने का खुलासा भी हो चुका है।

# मोबाइल ज्यादा चलाने पर डांटा तो किशोर ने लगा ली फांसी

## बिशनपुर गांव में युवक ने की आत्महत्या



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** पिता द्वारा मोबाइल पर ज्यादा समय बिताने से डांटने पर गुस्साए एक किशोर ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वहीं बिशनपुर गांव में भी एक युवक ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी।

मूल रूप से फर्रुखाबाद निवासी जगमोहन सिंह अपने परिवार सहित चिपियाना बुजुर्ग गांव में रह रहे हैं। जगमोहन सिंह गार्ड की नौकरी करते हैं और उनकी पत्नी घर के पास में ही कपड़ों पर प्रेस करने का काम करती हैं। रविवार को उन्होंने अपने (17 वर्षीय) बेटे सौरभ को ज्यादा मोबाइल चलाने पर डांट दिया था। जगमोहन की डांट सौरव को इस कदर नागवार गुजरी की उसने घर में जाकर फांसी लगा ली। कुछ देर बाद जब जगमोहन व पत्नी घर पहुंचे तो सौरव फांसी के फंदे पर लटका हुआ था। उन्होंने उसे तुरंत फंदे से नीचे उतारा लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची थाना बिसरख पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। (शेष पृष्ठ-4 पर)

# कार रोकने पर आग बबूला हुआ दरोगा गार्ड को पीटा

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना बिसरख क्षेत्र के लॉ रेजिडेंशियल सोसायटी में एक दरोगा की दबंगई का मामला सामने आया है। बिना स्टीकर लगी कार को रोके जाने से गुस्साए दरोगा ने सिक्योरिटी गार्ड की जमकर पिटाई की। दरोगा की दबंगई की यह पूरी करतूत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। इस बात की जानकारी जब सोसायटीवासियों को मिली तो उन्होंने जमकर हंगामा किया। सोसायटी परिसर में काफी देर तक हंगामा हुआ। थाना फेस-3 में तैनात उप निरीक्षक कपिल सिंह लॉ रेजिडेंशियल सोसायटी में पहुंचे। (शेष पृष्ठ-4 पर)

# यमुना में डूबे युवक का शव बरामद



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना रबूपुरा क्षेत्र के फलैदा गांव के पास यमुना नदी में डूबे युवक का शव आज सुबह बरामद हो गया है। सुबह से ही पुलिस स्थानीय गोताखोरों की मदद से शव की तलाश कर रही थी।


थाना प्रभारी राघवेंद्र सिंह ने बताया कि फलैदा गांव निवासी दिनेश का पुत्र विकास और प्रिंस रविवार को अपने खेत पर गए थे। इस दौरान गोवंश को भगाने के फेर में विकास यमुना नदी में उतर गया और गहरे पानी के बीच जाकर डूब गया। विकास को डूबता देखकर उसके भाई प्रिंस ने शोर मचाया। जिसके बाद ग्रामीणों को इस हादसे की जानकारी मिली। सूचना पाकर मौके पर पुलिस भी पहुंच गई।

पुलिस व एनडीआरएफ की टीम द्वारा रविवार को यमुना नदी में सर्च अभियान चलाया गया लेकिन विकास का कोई पता नहीं चला। आज सुबह स्थानीय गोताखोरों की मदद से पुलिस ने एक बार फिर यमुना नदी में सर्च अभियान चलाया।

इस दौरान विकास का शव बरामद हो गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है। विकास की मौत के बाद से उसके परिवार व गांव में मातम छाया हुआ है।

# प्राधिकरण ने 7070 पालतू कुत्तों का किया पंजीकरण

## नसबंदी के लिए दो अन्य एजेंसी की हो रही नियुक्ति



**नोएडा (चेतना मंच)।**

नोएडा प्राधिकरण द्वारा पालतू कुत्तों के पंजीकरण की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। 17 दिसंबर-2023 तक नोएडा प्राधिकरण के जन स्वास्थ्य विभाग 7070 पालतू कुत्तों का पंजीकरण कर चुका है। यह जानकारी जन स्वास्थ्य विभाग खंड 2 के वरिष्ठ प्रबंधक तथा पालतू कुत्तों के पंजीकरण संबंधी कार्यों के नोडल अधिकारी आरके शर्मा ने दी है।

श्री शर्मा ने बताया कि विभिन्न आरडब्ल्यूए तथा एओए समिति से सामंजस्य स्थापित कर प्राधिकरण की टीम पालतू कुत्तों का पंजीकरण कर रही है। उनकी टीम विभिन्न सेक्टर में जाकर कुत्तों का पंजीकरण कर रही है। यह अभियान लगातार चलेगा।

उन्होंने बताया कि पालतू कुत्तों के पंजीकरण के अलावा आवारा कुत्तों के नसबंदी को लेकर (शेष पृष्ठ-4 पर)

# रिलायंस मार्ट में चोरी कंस्ट्रक्शन साइट से उड़ाया सामान

**नोएडा (चेतना मंच)।** चोरों ने अलग-अलग स्थान से दो कंस्ट्रक्शन साइट पर चोरी की घटनाओं को अंजाम देकर लाखों रुपए के समान पर हाथ साफ कर दिया। वहीं थाना बिसरख क्षेत्र में चोरों ने रिलायंस मार्ट से घी के डब्बे, बादाम व अन्य सामान चोरी कर लिया। नई राजधानी एनक्लेव नई दिल्ली निवासी सत्यभूषण जैन ने बताया कि उनका ईकोटेक 2 में एक प्लॉट है। इस प्लॉट पर कंस्ट्रक्शन का काम चल रहा है। बीते 17 दिसंबर की सुबह उनके ठेकेदार अंकित ने साइट पर चोरी होने की सूचना दी। उसने बताया कि चोर कंस्ट्रक्शन साइड से लोहे के 17 राफ्टर बीम चोरी कर ले गए हैं। (शेष पृष्ठ-4 पर)

# प्राधिकरण की अधिसूचित जमीन पर काट दिए प्लॉट



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में अवैध रूप से कॉलोनी काटने के आरोप में दो लोगों के खिलाफ थाना सूरजपुर में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के प्रबंधक राजेश कुमार ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। प्रबंधक राजेश कुमार ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र के ग्राम श्योराजपुर में पिछले दिनों कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से प्लाट काट कर बेचे जाने की सूचना मिली। सूचना के आधार पर टेक्निकल सुपरवाइजर ने स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान पता चला कि गांव के एक खसरे पर कुछ लोगों द्वारा कॉलोनी काटकर प्लॉट बेचे जा रहे हैं। उन्होंने बताएं कि भूदेव भाटी पुत्र अर्जुन निवासी तिलपता करनवास व उज्जव निवासी भंगेल अवैध रूप से कॉलोनी काट रहे हैं। दोनों आरोपियों के खिलाफ सरकारी संपत्ति को क्षति पहुंचाने सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

# पैदल घूमकर ब्रांडेड साइकिल करते थे चोरी

**नोएडा (चेतना मंच)।** घरों के बाहर तथा सड़कों के किनारे खड़ी महंगी ब्रांडेड साइकिलों को चोरी करने वाले गिरोह के चार सदस्यों को थाना सेक्टर-39 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से तमंचा कारतूस व ब्रांडेड कंपनियों की 6 साइकिले बरामद हुई हैं। थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस सेक्टर 37 चौराहे पर चेकिंग कर रही थी। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ब्रांडेड साइकिल चोरी करने वाले गिरोह के सदस्य सेक्टर 36 की तरफ जा रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने दो साइकिल ऊपर जा रहे चार युवकों को पूछताछ के लिए रोकने का इशारा किया पुलिस को देखकर साइकिल सवारों ने भागने का प्रयास किया लेकिन पुलिस (शेष पृष्ठ-4 पर)

# गाड़ियों से सामान चोरी करने वाला दबोचा

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना बिसरख पुलिस ने कारों का शीशा तोड़कर लैपटॉप व कीमती सामान चोरी करने की घटनाओं को अंजाम देने वाले गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है आरोपी का एक साथी पुलिस को चकमा देकर मौके से फरार हो गया।

थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि पुलिस टीम गशत पर थी। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि वाहनों का शीशा तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले गिरोह के दो सदस्य आपराधिक वारदात को अंजाम देने के इरादे से घूम रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने हैबतपुर टी प्वाइंट सर्विस रोड के पास वाहनों की चेकिंग शुरू कर दी। इस दौरान बाइक पर आ रहे दो युवकों को पुलिसकर्मियों ने रुकने का इशारा किया। पुलिस को देखकर दोनों भाग निकले। संदेह के आधार पर पुलिस ने पीछा कर दोनों को दबोचने का प्रयास किया जिस पर बाइक स्लिप होकर गिर गई। मौके का फायदा उठाकर बाइक पर पीछे बैठा युवक भाग निकला जबकि दूसरे को पुलिस ने दबोच लिया। पकड़ गए आरोपी ने अपना नाम फिरोज पुत्र अली दराज निवासी सुदामापुरी जनपद गाजियाबाद बताया। उसके पास से तमंचा (शेष पृष्ठ-4 पर)

# मोबाइल टॉवरों से कीमती सामान चोरी

**नोएडा (चेतना मंच)।** मोबाइल टॉवरों को निशाना बना कर चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले गिरोह ने अलग-अलग स्थानों पर लगे मोबाइल टावरों से कीमती उपकरण चोरी कर लिए। यह गिरोह पिछले 6 माह के दौरान 50 से अधिक टावरों पर चोरी की घटनाओं को अंजाम दे चुका है। एसजी एनकोन कंपनी के क्यूआर हेड सुशांत त्यागी ने थाना फेस-2 में दर्ज रिपोर्ट में बताया कि चोरों ने भंगेल गांव के पास लगे मोबाइल टावर से ओ एफ सी केबल टीडीडी जंपर आदि सामान चोरी कर लिया। थाना बिसरख में दर्ज कराई रिपोर्ट में शिवम इन्फोकॉम प्राइवेट लिमिटेड के टेक्नीशियन आमिर जंग ने बताया कि ग्राम यूसुफपुर के पास लगे टावर से चोरों ने कीमती (शेष पृष्ठ-4 पर)

# बैंक के सामने जालसाजों ने ठगा

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा बैंक से नगदी निकाल कर बाहर आ रहे इस व्यक्ति को जालसाजों ने अपनी बातों में फंसाकर उसे कागज की गड्डी थमा दी और नगदी लेकर फरार हो गए। पीड़ित ने थाना रबूपुरा में अज्ञात ठगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। जेवर के मोहल्ला सल्यान निवासी यामीन ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह 15 दिसंबर को अपनी दुकान से जेवर में स्थित एसबीआई बैंक में पैसे निकालने के लिए गया था उसने अपने खाते से 30000 रूपये निकले थे। पैसे निकालकर वह बैंक से बाहर आ रहा था तो उसे दो व्यक्ति मिले। उन्होंने अपने पैसे जमा करने के लिए उस स्लिप भरने को कहा इस दौरान उन्होंने बातों बातों में उसे 30000 रूपये ले लिए। कुछ देर बाद दोनों व्यक्ति उसे रुमाल में लिपटे हुए पैसे देकर चले गए यामीन के मुताबिक उसने जब दुकान पर रुमाल को खोलकर देखा तो उसमें कागज की गड्डी थी। यामीन ने बताया कि उसने (शेष पृष्ठ-4 पर)

# सेक्टर-123 में 26.65 एकड़ में बनेगा स्पोर्टस कांप्लेक्स

- पहले चरण के कार्य को मिली हरी झंडी, 74 करोड़ की लागत से शुरू होगा कार्य



**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर-123 में 26.65 एकड़ क्षेत्रफ्ल में स्पोर्टस कांप्लेक्स के निर्माण को हरी झंडी मिल गई है। यह निर्माण दो चरणों में शुरू होगा। इसके तहत 74-74 करोड़ रूपये की लागत आएगी। पहले चरण के कार्य को झरी झंडी मिल गई है। शीघ्र ही निर्माण शुरू होने की उम्मीद है। पहले चरण में 14.29 एकड़ में निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। इसमें 74 करोड़ रूपये की लागत आएगी। इस दौरान रनिंग ट्रैक, लांग एवं ट्रिपल जंप, डिस्क व हैमर थ्रो, जेविलिन थ्रो, हाई जम्प, शॉटपुट, पोल वॉल्ट, फुटबॉल ग्राउंड, चार टेनिस कोर्ट, 4 बालीबॉल कोर्ट, फूड कोर्ट, किडस एरिया, पार्क, ओपेन जिम तथा हॉस्टल ब्लॉक तथा प्रवेश व निकास द्वार का निर्माण किया जाएगा।

दूसरे चरण में 11.73 एकड़ में निर्माण कार्य किया जाएगा। इसके तहत (शेष पृष्ठ-4 पर)

# विद्युत विभाग के नोटिस को लेकर उद्यमियों में आक्रोश

## 80 आईटी कंपनियों को बिजली विभाग ने भेजा नोटिस

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा प्राधिकरण तथा बिजली विभाग के बीच सामंजस्य के अभाव में करीब 80 आईटी कंपनियों को विद्युत विभाग के कोप का भाजन होना पड़ रहा है। इसको लेकर उद्यमियों में काफी रोष है। आईटी कंपनियों ने इस बाबत शीर्ष अफसरों से शिकायत की है।

मालूम हो कि नोएडा के 80 आईटी कंपनियों को विभाग द्वारा औद्योगिक कनेक्शन पर वाणिज्यिक बिजली का प्रयोग करने पर विद्युत विभाग द्वारा नोटिस दिया गया। इसके साथ ही चेतावनी भी दी गई है कि नोटिस के 2 सप्ताह के अंदर टैरिफ सही करा लें नहीं तो बिजली चोरी की कार्रवाई की जाएगी।

विभाग के मुताबिक औद्योगिक कनेक्शन पर वाणिज्यिक प्रयोग किया जा रहा है। इससे विद्युत अधिनियम का उल्लंघन होने के साथ ही निगम को राजस्व का नुकसान भी उठाना पड़ रहा। औद्योगिक सेक्टरों की टैरिफ दर वाणिज्यिक कनेक्शन के टैरिफ से कम होती है। ऐसे में उपभोक्ता गलत टैरिफ दर पर बिजली का उपयोग कर रहा है। बता दें कि वाणिज्यिक श्रेणी में 330 रुपये से लेकर 450 रुपये तक प्रति किलोवाट फिक्स चार्ज लिया जाता है। (शेष पृष्ठ-4 पर)

ISHWAR PHYSIO CARE
At Home Physiotherapy for an Active Life
Physical Therapy for :
- Back & Neck Pain
- Arthritis
- Post Stroke
- Sports Injury
- Fracture Rehabilitation
- Joint Pain
- Pain Management Through Electro Therapy

Home Visit Only



Dr. Ankur Sharma (PT)
Up state medical council Registered (Lucknow)
+919990144473

# संसद में घुसपैठ

लोकसभा में घुसपैठ करने वाले क्या आतंकवादी हैं? यह सवाल इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि अदालत में सरकारी वकील ने ऐसे आरोप लगाए हैं। दिल्ली पुलिस का भी अंदेशा है कि घुसपैठियों की किसी आतंकी साजिश में भूमिका हो सकती है! यदि किसी भी तरह उनके तार आतंकवाद से जुड़े हैं, तो जांच के निष्कर्ष स्पष्ट कर सकते हैं। यह भी संवेदनशील स्थिति है कि कथित आतंकी संसद की दर्शक-दीर्घा तक पहुंच कर लोकसभा की कार्यवाही के बीच छलांग लगाकर सुरक्षा-व्यवस्था को छिन्न-भिन्न कर चुके हैं। क्या अन्य आतंकियों के लिए रास्ता साफ किया जा चुका है? आतंकवाद का कोई निश्चित चेहरा-मोहरा नहीं होता। किसी की गतिविधियों और घुसपैठी करतूतों से ही आतंकवाद की ओर संकेत जाते हैं। चूंकि पुलिस और जांच एजेंसियों ने संसद के घुसपैठियों के खिलाफ 'आतंकवाद रोधी अधिनियम' (यूएपीए) की धारा 16 और 18 के तहत मामला दर्ज किया है, आपराधिक साजिश, देश को तोडने, दंगा फैलाने और लोकसेवकों के काम में बाधा डालने की धाराएं भी लगाई गई हैं, लिहाजा प्रथमद्रष्ट्या यह आतंकवाद का मामला लगता है। आरोपितों के काम-धंधे, पढ़ाई और पृष्ठभूमि को देखकर फैसला नहीं लिया जा सकता। यूएपीए कठोरतम कानून है, जिसमें फांसी या आजीवन कारावास की सजा हो सकती है। इसके तहत जमानत भी असंभव-सी होती है। फिलहाल अदालत ने 7 दिन की रिमांड दी है, जिसे बढ़ाया जाना प्रक्रिया का ही हिस्सा है। सवाल है कि यदि आरोपित घुसपैठिए आतंकी हैं, तो वे किस संगठन से जुड़े हैं? किसकी साजिश पर उन्होंने लोकसभा में कूदने और धुआं-धुआं करने जैसा हमलावर रुख अपनाया? यदि वे बीते डेढ़ साल से संसद में घुसकर उत्पात मचाने या सनसनी फैलाने की साजिश पर विमर्श कर रहे थे और देश के अलग-अलग शहरों में मुलाकातें कर रहे थे, तो उनके खर्चे कौन उठा रहा था? कौन फंडिंग कर रहा था उन्हें? सवाल कई हैं और जांच के दौरान उन्हें जरूर खंगाला जाएगा, लेकिन वे 'बेचारे', 'बेरोजगार' और 'भूले-भटके नौजवान' नहीं माने जा सकते। जब कश्मीर में आतंकवाद और जेहाद चरम पर थे, तब भी युवा आतंकियों को 'भूले-भटके' करार दिया जाता था, लेकिन अकेले उस आतंकवाद ने ही करीब 45,000 जिंदगियां छीन ली थीं। पंजाब और पूर्वोत्तर के आतंकवाद या उग्रवाद की तो चर्चा हम कर ही नहीं रहे। यदि ऐसे विशेषण देकर विपक्ष इन घुसपैठियों का बचाव करेगा और माफ करने की पैरवी करेगा, तो निश्चित ही देश में आतंकवाद कभी समाप्त नहीं हो सकता। देश में लाखों-करोड़ों युवा बेरोजगार हैं और औसत परिवार महंगाई के दंश झेल रहा है, तो इसके मायने ये नहीं हैं कि वे संसद पर ही हमला कर दें! यकीनन ये राष्ट्रीय समस्याएं हैं, लेकिन संसद में घुसपैठ करना तो जघन्य अपराध है। बहरहाल सभी आरोपित सोशल मीडिया पर 'भगत सिंह फैन क्लब' और 'नेताजी सुभाष चंद्र बोस' ग्रुप से जुड़े हैं। बल्कि उन्होंने ऐसा क्रांतिकारी बनने का मुगालता पाल लिया है। हमारे महान स्वतंत्रता सेनानियों को 'अतिवादी नक्सल' चित्रित कर उन्होंने एक और अपराध किया है। देश में अब अंग्रेजों की नहीं, हमारी अपनी लोकतांत्रिक सत्ता है। फिर किस पर 'स्मोक कैन' या 'बम' अथवा 'ग्रेनेड' का इस्तेमाल किया जा रहा है? यदि आप प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों के खिलाफ हैं, तो चुनाव आने वाले हैं। उनके खिलाफ जनादेश दिया जा सकता है, लेकिन संसद के खिलाफ साजिश स्वीकार्य नहीं है। इस मुद्दे पर क्षुद्र राजनीति करना और बदले में 13 लोकसभा सांसदों को निलंबित करना अच्छा संसदीय आचरण नहीं है। बेशक गृहमंत्री ही नहीं, देश के प्रधानमंत्री को संसद में वक्तव्य देना चाहिए कि देश और उसकी संसद सुरक्षित हैं। संसद की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

# रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि मनुष्य का शरीर धारण करके जो लोग दूसरों को दु:ख पहुँचाते हैं, उनको जन्म-मृत्यु के महान संकट सहने पड़ते हैं। मनुष्य मोहवश स्वार्थपरायण होकर अनेकों पाप करते हैं, इसी से उनका परलोक नष्ट हुआ रहता है॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**कालरूप तिन्ह कहँ मैं भ्राता। सुभ अरु असुभ कर्म फलदाता॥**
**अस बिचारि जे परम सयाने। भजहिं मोहि संसृत दुख जाने॥**
हे भाई! मैं उनके लिए कालरूप (भयंकर) हूँ और उनके अच्छे और बुरे कर्मों का (यथायोग्य) फल देने वाला हूँ! ऐसा विचार कर जो लोग परम चतुर हैं वे संसार (के प्रवाह) को दु:ख रूप जानकर मुझे ही भजते हैं॥
**त्यागहिं कर्म सुभासुभ दायक। भजहिं मोहि सुर नर मुनि नायक॥**
**संत असंतन्ह के गुन भाषे। ते न परहिं भव जिन्ह लखि राखे॥**
इसी से वे शुभ और अशुभ फल देने वाले कर्मों को त्यागकर देवता, मनुष्य और मुनियों के नायक मुझको भजते हैं। (इस प्रकार) मैंने संतों और असंतों के गुण कहे। जिन लोगों ने इन गुणों को समझ रखा है, वे जन्म-मरण के चक्कर में नहीं पड़ते॥
**दो0-सुनहु तात माया कृत गुन अरु दोष अनेक।**
**गुन यह उभय न देखिअहिं देखिअ सो अबिबेक॥**
हे तात! सुनो, माया से रचे हुए ही अनेक (सब) गुण और दोष हैं (इनकी कोई वास्तविक सत्ता नहीं है)। गुण (विवेक) इसी में है कि दोनों ही न देखे जाएँ, इन्हें देखना ही अविवेक है॥
**श्रीमुख बचन सुनत सब भाई। हरषे प्रेम न हृदयँ समाई॥**
**करहिं बिनय अति बारहिं बारा। हनूमान हियँ हरष अपारा॥**
भगवान के श्रीमुख से ये वचन सुनकर सब भाई हर्षित हो गए। प्रेम उनके हृदयों में समाता नहीं। वे बार-बार बड़ी विनती करते हैं। विशेषकर हनुमानजी के हृदय में अपार हर्ष है॥
**पुनि रघुपति निज मंदिर गए। एहि बिधि चरित करत नित नए॥**
**बार बार नारद मुनि आवहिं। चरित पुनीत राम के गावहिं॥**
तदनन्तर श्री रामचंद्रजी अपने महल को गए। इस प्रकार वे नित्य नई लीला करते हैं। नारद मुनि अयोध्या में बार-बार आते हैं और आकर श्री रामजी के पवित्र चरित्र गाते हैं॥
**नित नव चरित देखि मुनि जाहीं। ब्रह्मलोक सब कथा कहाहीं॥**
**सुनि बिरंचि अतिसय सुख मानहिं। पुनि पुनि तात करहु गुन गानहिं॥**
मुनि यहाँ से नित्य नए-नए चरित्र देखकर जाते हैं और ब्रह्मलोक में जाकर सब कथा कहते हैं। ब्रह्माजी सुनकर अत्यंत सुख मानते हैं (और कहते हैं-) हे तात! बार-बार श्री रामजी के गुणों का गान करो॥

(क्रमश:...)

# 3 राज्यों में मुख्यमंत्री के चेहरों के माध्यम से भाजपा ने दिये हैं बड़े राजनीतिक संकेत



**नों राज्यों में बने नये मुख्यमंत्रियों के नाम कहीं भी किसी भी चर्चा में दूर दूर तक नहीं आए थे। उनके विषय में बताने के लिए टीवी चैनल गूगल का सहारा ले रहे थे। विपक्षी खेमे में हड़कंप मचा हुआ है कि बिना किसी गुटबाजी के भाजपा अपने नये चेहरे कैसे चुन रही है।**

पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में तीन प्रमुख राज्यों में भाजपा को अप्रत्याशित विजय मिली। भाजपा ने ये चुनाव प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में लड़ा था और राज्य में किसी भी नेता को मुख्यमंत्री के रूप में प्रस्तुत नहीं किया गया था। विपक्ष के लिए ये भी हैरान करने वाली बात थी कि कई सांसदों को भी जिनमें कुछ तो मंत्री थे पार्टी ने विधानसभा का चुनाव लड़ने का आदेश दिया था। कई बड़े चेहरे जीते तो मुख्यमंत्री कौन होगा ? भाजपा की विजय के साथ ही मुख्य धारा और सोशल मीडिया के सूत्र अटकलें लगाने लगे। मुख्यमंत्री चयन की प्रक्रिया में देरी, राजस्थान में वसुंधरा के घर हलचल और मध्य प्रदेश में शिवराज जी की दिल्ली न जाने की घोषणा ने राजनैतिक विश्लेषकों और भविष्यवक्ताओं को काम पर लगा रखा था। मीडिया के सूत्र प्रतिदिन सुबह से शाम तक चार-पांच नाम चलाते और पीछे करते रहते थे। इन्हीं अटकलों के बीच जब भाजपा ने तीनों प्रान्तों के लिए पर्यवेक्षकों की घोषणा की तो मीडिया उसमें भी कथा कहानी ढूँढ़ने लगा किन्तु उनका भी कोई आधार नहीं था।

तीनों राज्यों में बने नये मुख्यमंत्रियों के नाम कहीं भी किसी भी चर्चा में दूर दूर तक नहीं आए थे। उनके विषय में बताने के लिए टीवी चैनल गूगल का सहारा ले रहे थे। विपक्षी खेमे में हड़कंप मचा हुआ है कि बिना किसी गुटबाजी के भाजपा अपने नये चेहरे कैसे चुन रही है। सभी टीवी चैनलों पर कौन बनेगा मुख्यमंत्री पर तरह तरह के विश्लेषण चल रहे थे किंतु अब सभी विश्लेषक हैरान हो गये और यह भी चर्चा करने लग गये कि वो लोग टीवी पर जिस भी चेहरे को आगे कर देते हैं भाजपा में वह चेहरा पीछे छूट जाता है और फिर एकदम नया चेहरा सामने आ जाता है। अब देश के मीडिया जगत के बड़े नामों को यह बात समझ में आ जानी चाहिए कि वर्तमान समय की भारतीय राजनीति में यदि कोई सबसे बड़ा चुनावी सर्वे करने वाला और राजनीतिक भविष्यावाणी करने व्यक्ति है तो वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही हैं। बेहद विपरीत परिस्थितियों के बाद भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व व उनके धुआंधार प्रचार की बदौलत ही भाजपा की तीनों राज्यों में जोरदार वापसी हुई है।

**छतीसगढ़**

भारतीय जनता पार्टी ने सबसे पहले छत्तीसगढ़ में एक बड़े आदिवासी नेता विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री बनाकर चौंकाया और फिर अरूण साव और विजय शर्मा को उपमुख्यमंत्री बनाने का प्रस्ताव रखा गया। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह को विधानसभा अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव करके सभी प्रकार की अटकलों पर विराम लगा दिया गया। आदिवासी समाज का प्रतिनिधित्व करने वाली आदरणीय द्रौपदी मुर्मू जी को राष्ट्रपति बनाने का लाभ भाजपा को छत्तीसगढ़ में मिला और वहां की आदिवासी बहुल क्षेत्रों की अधिकांश सीटों पर भाजपा को विजयश्री प्राप्त हुई। सबसे बड़ी बात यह है कि आदिवासी बहुल राज्य छत्तीसगढ़ में राज्य का गठन होने के बाद से एक आदिवासी मुख्यमंत्री की मांग की जा रही थी जिसे अब भाजपा ने विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री बनाकर पूरा कर दिया है।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आदिवासी हैं और किसान परिवार से हैं। वह कुनकुरी विधानसभा सीट से जीते हैं वहीं वह 1999 से 2014 तक रायगढ़ लोकसभा सीट से सांसद भी रहे। वह पूर्व में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भी रहे हैं। चुनाव प्रचार के दौरान गृहमंत्री अमित शाह ने जनता से अपील की थी कि आप साय को जितायें तो हम उन्हें बड़ा आदमी बना देंगे। अब साय मुख्यमंत्री बन गये हैं। यदि समग्र दृष्टि डाली जाये तो यह पता चलता है कि बिना किसी चेहरे को आगे किये चुनाव लड़ रही भाजपा ने प्रचार के दौरान ही यह तय कर लिया था कि अगर सरकार बनती है वह राज्य की कमान किसे सौंपेगी। साय का नाम भी किसी टीवी चैनल की डिबेट में नहीं चल रहा था। यहां पर भाजपा ने बिना किसी विशेष तैयारी के चुनाव लड़ा फिर भी शानदार विजय प्राप्त की और चुनावों के बाद रमन सिंह के प्रभाव से मुक्ति भी पा ली है हालांकि भाजपा ने रमन सिंह को दरकिनार नहीं किया है और उन्हें विधानसभा अध्यक्ष जैसा पद देकर उनका सम्मान बनाए रखा है। दूसरी सबसे बड़ी बात यह है कि साय का परिवार संघ से जुड़ा रहा है। उनके पिता और दादा भी संघ के स्वयंसेवक रहे हैं तथा राम मंदिर आंदोलन के आरंभिक दिनों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

**मध्य प्रदेश**

विधानसभा चुनावों में ऐतिहासिक विजय के बाद भारतीय जनता पार्टी ने भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के स्थान पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक रहे उज्जैन दक्षिण के विधायक डॉ. मोहन यादव को मुख्यमंत्री बनाकर सभी को हैरान कर दिया। मध्य प्रदेश में यह माना जा रहा था कि चुनाव प्रचार के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को उनके परिश्रम का प्रतिफल दिया जा सकता है और संभवत: वे लोकसभा चुनावों तक मुख्यमंत्री बने रहेंगे किंतु ऐसा कुछ नहीं हुआ और मामा जी को एक नए चेहरे के लिए अपनी दावेदारी से पीछे हटना ही पड़ा। मध्य प्रदेश में विरोधी प्रचार करने में जुट गये थे कि भाजपा में गुटबाजी के कारण नेता चयन में देरी हो रही है किंतु जब मोहन यादव के नाम का ऐलान हुआ तो सभी लोग हैरान रह गये। उत्तर प्रदेश और बिहार में यादव समाज के बड़े नेता परेशान हैं कि अब आगामी लोकसभा चुनावों में भाजपा एक यादव मुख्यमंत्री के सहारे अपनी राजनीति को आगे बढ़ाने जा रही है। मोहन यादव को मुख्यमंत्री बनाकर भाजपा ने एक तीर से कई निशाने साधे हैं जिसमें पहला यह है कि अब मध्य प्रदेश में बीजेपी को एक नया चेहरा मिल चुका है। विगत चुनावों के दौरान कांग्रेस मामा जी पर भ्रष्टाचार व घोटालों के आरोप लगा रही थी और चुनाव प्रचार के दौरान 40 प्रतिशत कमीशन खाने वाली सरकार कहकर बीजेपी को घेरने का प्रयास कर रही थी अत: अब ऐसे सभी आरोपों से फिलहाल राहत मिल गयी है।

दूसरा भाजपा ने मोहन यादव को मुख्यमंत्री बनाकर उत्तर प्रदेश व बिहार के यादव मतदाताओं को साधने का जोरदार प्रयास किया है। राजनैतिक विश्लेषकों का अनुमान है कि मोहन यादव को मुख्यमंत्री बनाये जाने के कारण यूपी में सपा के लिए चुनौती बढ़ने जा रही है। यह बात तो समाजवादी नेता भी मान रहे हैं कि यूपी, बिहार व हरियाणा के यादव मतदाताओं को लुभाने की रणनीति के तहत ही मोहन यादव को मध्य प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाया गया है। उत्तर प्रदेश में 10-12 प्रशित और बिहार में इनकी संख्या 14.26 प्रतिशत और हरियाणा में 10 प्रतिशत के आसपास है। अभी तक यूपी में अखिलेश यादव और बिहार में लालू यादव ही अपने आपको यादवों का एकमात्र बड़ा नेता घोषित करते आ रहे थे किंतु अब भाजपा के पास भी एक यादव नेता मिल गया है और वह है मोहन यादव। मोहन यादव को मुख्यमंत्री बनाकर व उनके साथ दो उपमुख्यमंत्री बनाकर भाजपा ने राज्य के मतदाताओं के बीच गजब की सोशल इंजीनियरिंग की है। पिछली सरकार में जहां नरोत्तम मिश्रा जो ब्राह्मण चेहरा थे वहीं अब मोहन यादव की सरकार में राजेंद्र शुक्ला ब्राह्मण चेहरा बनकर उभरे हैं। वहीं जगदीश देवड़ा को उपमुख्यमंत्री बनाया गया जबकि पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर मध्य प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष बनाये गये हैं। मोहन यादव काफी पढ़े लिखे हैं और उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर जिले से उनका सम्बंध है। जब मोहन के नाम की घोषणा हुई तब उनके ससुराल सुल्तानपुर में भी जश्न मनाया गया। मोहन यादव प्रख्यात संत एवं रामघाट स्थित सीताराम आश्रम के संस्थापक स्वामी आत्मानंददास उर्फ नेपाली बाबा के शिष्य हैं। 2016 में उज्जैन महाकुंभ के दौरान नेपाली बाबा ने मोहन यादव को मुख्यमंत्री बनने का आशीर्वाद दिया था।

**राजस्थान**

लंबी बैठकों और तरह-तरह के कयासों के बाद आखिरकार राजस्थान को भी नया चेहरा मिल गया है और वहां भी महारानी वसुधंरा राजे का राज अब समाप्त हो चुका है तथा वहां पर एक ब्राह्मण चेहरे भजन लाल शर्मा को मुख्यमंत्री बनाकर भाजपा ने सभी राजनैतिक पंडितों को बुरी तरह से चौंका दिया है और अब वह सभी लोग टीवी चैनलों पर बैठकर केवल अपना सिर खुजला रहे हैं कि आखिर भजन लाल शर्मा का नाम कैसे दौड़ में आ गया और वह पहली बार विधायक बने तथा पहली बार ही राज्य के मुख्यमंत्री बन गये। भजन लाल शर्मा के बारे में कहा जा रहा है कि वह संघ के करीबी हैं और चार बार महामंत्री रहे तथा संगठन में काफी सक्रिय रहे हैं। भजन लाल एक ब्राह्मण चेहरा हैं और बहुत दिनों बाद राजस्थान को एक ब्राह्मण मुख्यमंत्री मिला है। राजस्थान में करीब 12 प्रतिशत ब्राह्मण आबादी है और संपूर्ण राज्य में फैली है वह एक शांत मतदाता माना जाता रहा है। राजस्थान की राजनीति में अभी तक केवल जाट, गुर्जर, दलित, मीणा आदि को लेकर ही चर्चाएं होती थीं किंतु अब बहुत दिनों बाद भाजपा ने ब्राह्मण को मुख्यमंत्री बनाकर सवर्ण समाज को संदेश दे दिया है क्योंकि उत्तर भारत की राजनीति में सवर्ण मतदाता भी एक अहम भूमिका अदा करते हैं। वहीं राजस्थान में दीया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा को उपमुख्यमंत्री बनाया है वहीं वासुदेव देवनानी जो चार बार के विधायक रहे हैं, उन्हें विधानसभा अध्यक्ष बनाकर राज्य के सिंधी और मारवाड़ी समाज को भी साधने का सफल प्रयस किया है।

एक प्रकार से यदि देखा जाये तो भाजपा ने तीनों ही राज्यों में एक नया चेहरा देकर दूसरी पीढ़ी के नेताओं को पार्टी की बागडोर सौंपने की शुरुआत कर दी है। भाजपा ने यह भी बता दिया है उनके यहां जो भी कार्यकर्ता शांत रहकर केवल कार्य करता रहेगा, संगठन उन सभी का ध्यान रखता है और कोई भी साधारण से साधारण व्यक्ति ऊंचे पद पर बैठाया जा सकता है। संगठन में अब किसी भी स्तर पर गुटबाजी का दौर नहीं चलने वाला है। टीवी चैनलों पर सोशल मीडिया के माध्यम से जो लोग अपना प्रचार करते रहते थे वह सभी लोग मुख्यमंत्री पद की दौड़ से बाहर हो गये हैं। भाजपा ने जातिवाद की राजनीति को ध्वस्त करने के लिए जोरदार सोशल इंजीनियरिंग की है और विपक्ष हिंदू समाज को बांटने के लिए जातिगत जनगणना की जो रट लगाये था उस पर भी ब्रेक लगाने का सफल प्रयास किया है। भाजपा ने लोकसभा चुनावों के लिए तीन राज्यों में अपनी एकदम नई टीम बना ली है और अब समय आ गया है कि यह टीम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभी गारंटी को पूरा करेगी ओर मोदी जी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। **-मृत्युंजय दीक्षित**

# उल्टा-पुल्टा (व्यंग्य)



खरगोश शेर के पास पहुँचा। उसने देखा वनराज शेर महाराज भूख के मारे आग बबूला हुए जा रहे हैं। खरगोश को लगा यही मौका है चलो शेर को मजा चखाते हैं। उसने शेर से झूठ कह दिया कि उसे रास्ते में एक और शेर मिल गया। वह उसे खाना चाहता था। लेकिन उसने पहले शेर का हवाला देकर जैसे-तैसे अपनी जान बचाई।

शेर था तो पंचतंत्र का ही। खरगोश के साथ दूसरे शेर से मिलने से भला कैसे मना कर सकता था। शेर जंगल में उस कुएँ के पास पहुँचा जहाँ दूसरा शेर रहता था। खरगोश के कहने पर शेर ने कुएँ में झाँका। झाँकने पर उसे उसकी परछाई दिखायी दी। यह देखकर उसे गुस्सा नहीं आया। उसने अपने मन की बात कुएँ वाले शेर के सामने शुरु कर दी। उसने कहाङ्क क्या तुम कुएँ से बाहर निकलना चाहते हो? क्या तुम इस जंगल का राजा बनना चाहते हो? क्या तुम कुएँ में ही रहकर भोजन पाना चाहते हो? क्या तुम ताली-थाली पीटकर अपना भाग्य बदलना चाहते हो? क्या तुम पंद्रह लाख पाकर बाहर निकलने के लिए उपाय खोजना चाहते हो? क्या तुम कुएँ में रहकर मौत का कुआँ खेल खेलना चाहते हो? क्या इसके लिए गाड़ी के साथ-साथ महंगा पेट्रोल सस्ते दाम पर पाना चाहते हो? यह सब सुन कुएँ के भीतर वाला शेर कुएँ के बाहर वाले शेर की तरह स्वीकृति की मुद्रा में सिर हिलाने लगा।

यह सब देख खरगोश का माथा ठनका। उसे लगा कि पंचतंत्र की घटना तो तंत्रपंच की घटना बन गयी। उसने शेर के सामने गिड़गिड़ाते हुए कहा ङ्क माई-बाप मैंने कुएँ वाले शेर के बारे में आपसे झूठ कहा था। वह तो आपकी परछाई मात्र थी। आपको इतने बड़े-बड़े वादे नहीं करना चाहिए था।

शेर ने कहा जानता हूँ। हाँ, जहाँ तक बात वादों की है, तो वे वादे नहीं जुमले हैं। आज दुनिया जुमले सुनने की आदी हो चुकी है। इसलिए जब काम जुमलों से हो जाता हो तो वादे पूरा करने का क्या फायदा।

इतना कहते हुए शेर ने खरगोश पर एक बड़ा सा पंजा मारा। जीएसटी की भांति एक ही हमले में सारा हिसाब बराबर। खरगोश पेट में और डकार बाहर। पंचतंत्र के तंत्रपंच से यही शिक्षा मिलती है कि मैंने जिस शेर के बारे में आपको बताया है, वह आपके आस-पास ही घूम रहा है। हो सके तो खुद को खरगोश बनने से बचा लें।

**- डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त',**

# राशिफल

मार्गशीर्ष शुक्ल-षष्ठी | (विक्रम संवत् 2080)

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। लाभ के अवसर भी मिलेंगे। तरक्की के योग बन रहे हैं।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
वाहन के रखरखाव एवं वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं। भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। लाभ में वृद्धि होगी। संतान को लेकर मन परेशान रहेगा।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
खास रिश्तेदार के स्वास्थ्य की चिंता सताएगी। विशेष उत्तरादायित्व के लिए यात्रा की संभावना।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
अच्छा दिन नहीं है, सोच समझकर काम करें। मित्र और मित्रता की परीक्षा में सफल होंगे।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
नए लोगों से भेंट होंगी, जो लाभदायक होगी। संतान की प्रगति से सुख और प्रसन्नता।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
वाणी में मधुरता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
खर्चों में वृद्धि होगी। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। माता का सहयोग मिलेगा।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। किसी नई संपत्ति में निवेश करेंगे।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
बातचीत में सन्तुलित भी रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। लंबी यात्रा के योग बन रहे हैं।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

# विकसित भारत के निर्माण में मीडिया का अहम योगदान : डॉ. महेश शर्मा







**नोएडा ( चेतना मंच )** अंकुर निर्भीक दर्पण हिंदी समाचार पत्र के वार्षिकोत्सव पर सेक्टर 6 स्थित एनईए हाल में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षा, चिकित्सा समाज सेवा के क्षेत्र में अहम योगदान देने वाले विभूतियों को समाचार पत्र के संस्थापक पी.एन. सिंह व प्रधान संपादक संजय सिंह चौहान के द्वारा सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे गौतमबुद्धनगर के सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ महेश शर्मा ने मंच पर अपने विचार रखते हुए कहा कि विकसित भारत के निर्माण में मीडिया का अहम योगदान है। उन्होंने कहा कि जिस तरह कम समय में अंकुर निर्भीक दर्पण समाचार पत्र ने मीडिया जगत में अपनी पहचान बनाई है वह बधाई योग्य है।

विधायक पंकज सिंह ने अपने विचार रखते हुए कहा कि समाज में मीडिया की अहम भूमिका है। इसलिए पत्रकारों का मनोबल बढ़ाना आम जनमानस की जिम्मेदारी है।

कार्यक्रम में गौतमबुद्धनगर के जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी, प्रोफेसर अजय छोकर, समाज सेवी अशोक, ठाकुर एनपी सिंह, जेपी उप्पल, गिरीश कोटनाला, वरिष्ठ पत्रकार नंद गोपाल वर्मा, वरिष्ठ पत्रकार विनोद तकियावाला, विशेष त्यागी, शिक्षाविद राजेंद्र चौहान, अमित बंसल, कैप्टन नवाब चौधरी, समाजसेवी श्वेता त्यागी, समाजसेवी उषा शर्मा, अरुण विश्वकर्मा, प्रदीप शिक्षक विशेष नागर, व बड़ी तादात में शहर के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाएं कार्यकर्ता




**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय जनता पार्टी की एक प्रेस वार्ता का आयोजन जिला कार्यालय तिलपता गोलचक्कर पर किया गया जिसमें जिला प्रभारी प्रमोद गुप्ता एवं जिला अध्यक्ष गजेन्द्र मावी ने कहा कि सरकार की योजनाओं को और अधिक से अधिक लोगो को पहुँच सके उसके लिये डिजिटल सोशल मीडिया के माध्यम से पूरे प्रदेश में 2 करोड़ लोगो को नमों ऐप भाजपा डाउनलोड करायेगी और गौतमबुद्धनगर में 1073 बूथों पर 15 दिसंबर से 25 जनवरी तक अभियान चलाकर 2 लाख लोगो को नमों ऐप से जोड़ा जायेगा।

जिससे देश की सभी योजनाओं से लोगो को और लाभ मिल सके भाजपा के सभी मोर्चा उसमें लगेंगे किसान मोर्चा किसानों के बीच युवा मोर्चा महिला मोर्चा ओबीसी मोर्चा अनुसूचित मोर्चा अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकर्ता इसमें जुड़ कर कार्य करेंगे। हमारी पार्टी और सरकार का लक्ष्य विज़न सभी लोगो का विकाश और देश विकसित राष्ट्र बने उसके लिये कार्य। इस अवसर पर मुख्यरूप से पूर्व जिला अध्यक्ष विजय भाटी, मनोज गर्ग, मीडिया प्रभारी कर्मवीर आर्य, रवि जिन्दल, इन्द्र नागर, सचिन शर्मा, गुरु देव भाटी, सुनील खारी आदि लोग उपस्थित रहे।

# रोटरी क्लब ने वृद्धाश्रम में भेंट किया सामान




**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** रामलाल संस्था द्वारा नॉलेज पार्क 3 ग्रेटर नोएडा में संचालित वृद्धाश्रम में रह रहे वृद्धजनो को आवश्यक सामान वितरित किये गये। जिसमें 21 गद्दे , 20 कंबल, 20 बेडसीट, गर्म कपड़े, गर्म इनर , लोअर, गर्म टोपी, गर्म मौजे, 10 रूम हीटर, 2 पानी गरम करने की रॉड , साबुन डिटर्जन फिनाइल व भोजन सामग्री देसी घी रिफाइंड, सरसो का तेल आदि शामिल है।

इस अवसर पर अतुल जैन, ओमप्रकाश अग्रवाल, सौरभ बंसल, विनोद कसाना, के के शर्मा, ऋषि अग्रवाल, अमित गोयल, विजेन्द्र भाटी, बजरंग गोयल, निखिल गर्ग, प्रीति अग्रवाल, आशुतोष अग्रवाल, कुलदीप शर्मा, राहुल शर्मा राहुल मित्तल, गुलशन अरोड़ा, यतेंद्र गर्ग आदि रोटेरियन उपस्थित रहे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का हुआ भव्य स्वागत

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** गांव छोलस और खदेड़ा नगलीं वजीदपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची। छोलस में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विकसित भारत संकल्प यात्रा का वर्चुअल माध्यम से लाइव कार्यक्रम का उद्बोधन कार्यकर्ताओं ने सुना। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा के राष्टीय सचिव एवं राज्यसभा सांसद सुरेन्द्र नागर रहे। सांसद सुरेन्द्र नागर ने कहा कि भारत विकसित संकल्प यात्रा पूरे भारत में चल कर भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की लिये जनजागरण चल रहा है। भारत आज राष्टीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ रहा है। विकसित संकल्प यात्रा से लोग जुड़ रहे है। हम सभी को आत्म निर्भर बनते हुए स्वदेशी चीजो का उपयोग करना चाहिए विकसित भारत का सपना हम सभी भारतीयों का सपना है।




जिला प्रभारी प्रमोद गुप्ता ने कहा कि गौतमबुद्धनगर के सभी नगरों गाँवों में विकसित भारत संकल्प यात्रा जा रही है वहाँ पर यात्रा को व्यापक जनसमर्थन यात्रा को मिल रहा है जिला अध्यक्ष गजेंद्र मावी ने कहा कि संकल्प यात्रा को जनसमर्थन मिल रहा है उससे मोदी के कार्यो की गारंटी पर लोगो का विश्वास पक्का हो रहा है।

इसी क्रम में गांव झट्टा में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची यात्रा का गाँव वालों ने भव्य स्वागत किया गांव में उज्वला योजना के तहत 5 लोगों को चूल्हे 8 आयुष्मान कार्ड वृद्धावस्था पेंशन के 10 कार्ड 27 आधार कार्ड उज्वल खाद्य एवं रसद योजना के 14 कार्ड वितरित किये गये। मुख्य अतिथि के रूप में विकसित भारत संकल्प यात्रा जिला संयोजक रवि जिंदल, कर्मवीर आर्य, वीरेंद्र भाटी, पंकज, कपिल गुर्जर, विजय कसाना, मंडल अध्यक्ष महेश शर्मा, संजय चौहान, नोडल अधिकारी केबी सिंह, डोरी लाल वर्मा, सप्लाई इंस्पेक्टर नेहा गुप्ता आदि गाँव के सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# भाकियू (भानु) ने एसडीओ को सौंप ज्ञापन



**नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय किसान यूनियन (भानु) के नोएडा अध्यक्ष राजबीर मुखिया के नेतृत्व में कल सेक्टर-39 बिजली घर पर एसडीओ को एक ज्ञापन सौंप कर गांव के किसान परविंदर व अन्य मकानों के घर के ऊपर से तारों की समस्याओं को हटवाने की मांग की गयी। इस मौके पर राजबीर मुखिया और मीडिया प्रभारी सुभाष भाटी ने कहा की बिजली विभाग के अधिकारियों की वजह से गांव आगापुर मे कुछ मकानों में बढ़ा हादसा होना का डर सता रहा है। कई बार शिकायत की गई लेकिन अभी तक कोई कार्य नहीं किया है। अगर बिजली के तारों को नही हटवाया गया तो भारतीय किसान यूनियन भानु बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होगी। इस मौके पर अनिल बैसोया परविंदर, रईसुद्दीन,आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं की हुई बैठक




**भदोही ( चेतना मंच )।** भाजपा के जिला अध्यक्ष दीपक मिश्रा की अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं की जिला कार्यालय ज्ञानपुर में नमो ऐप तथा आगामी होने वाले कार्यक्रमों को लेकर बैठक हुई।

इस अवसर पर उपस्थित पूर्व मंत्री रंगनाथ मिश्रा, सांसद रमेश बिंद, पूर्व विधायक रविंद्र नाथ त्रिपाठी, पूर्व जिला अध्यक्ष विनय श्रीवास्तव, हौसला प्रसाद पाठक, कन्हैयालाल मिश्र, संतोष पांडेय, ओमप्रकाश तिवारी, टंकी गुर, रमेश पांडेय, सत्यसिल गुप्ता, लालता प्रसाद, सोनकर, वीरू शुक्ला, छत्रपति सिंह, सुनील मिश्रा, प्रदीप सिंह, गोवर्धन राय, मनीष पांडेय, अनिल सिंह, मुन्ना, सुरेंद्र, नाथ पांडेय, मनीषा, अम्बस्ट, सुषमा, मालवीय, पूनम गुप्ता, राजेंद्र बघेल, मृत्युंजय, आकाश, शिवम आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




**सेक्टर-151 स्थित जेपी अमन सोसायटी में रन इण्डिया कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

# किसान एकता संघ करेगा 8 जनवरी को महापंचायत



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** किसान एकता संघ ने किसानों के साथ किये जा रहे उत्पीड़न के विरोध में जागरण अभियान का शुभारम्भ रामपुर माजरा व गिरधरपुर गाँव से किया पंचायत की अध्यक्षता संगठन के राष्टीय संरक्षक बाली सिंह ने और संचालन मनीष नागर ने किया।

इस दौरान प्रदेश महासचिव सतीश कनारसी ने बताया कि एनपीसीएल द्वारा ग्रामीणों पर फर्जी बिजली चोरी के मुकदमे दर्ज किए जा रहे है किसानों पर अनर्गल दबाव बनाकर प्रताड़ित किया जा रहा है। सरकार द्वारा किसानों को सिंचाई के लिए बिजली फ्री का वादा किया था लेकिन एनपीसीएल द्वारा किसानों की टुवेलो पर मीटर लगा रखे है, ग्रामीण क्षेत्र में जिन किसानों के फिक्स पुराने कनेक्शन है उनके घरों पर जबरजस्ती पुलिस के बल पर मीटर लगाए जा रहे है, किसानों द्वारा पैसे जमा करने के बावजूद भी बिजली बिलों से खत्म नही किये जा रहे है,किसानों से नए कनेक्शन के नाम पर अवैध रूप से पैसे लिए जा रहे है,ग्रामीण क्षेत्र में बिजली आपूर्ति सही नही की जा रही है, आदि समस्याओं को लेकर ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष पप्पे नागर ने बताया कि किसानों की उपरोक्त सभी समस्याओं को लेकर आने वाली 8 जनवरी को किसान,ग्रामीण भारी तादात में एनपीसीएल के कार्यालयों को घेरने का काम करेंगे,जब तक किसानों, ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान नही किया जाएगा आन्दोलन जारी रहेगा।

इस मौके पर सोरन प्रधान, प्रमोद शर्मा, वनीश प्रधान, विक्रम नागर, जगदीश शर्मा, उम्मेद एडवोकेट, विनोद मीणा, कुलदीप भाटी, देवेन्द्र भाटी, सतपाल नेताजी, रविन्द्र पहलवान, ओमवीर नागर, रविन्द्र प्रधान, करतार भाटी, लीलेराम, परविन्द्र भाटी, सल्लन खान, आदि दर्जनों कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद रहे।



# विद्युत समस्या को लेकर प्रदर्शन 20 को

**नोएडा ( चेतना मंच )।** हिंडन नदी पुस्ता पर बसी कालोनियों में बिजली कनेक्शन दिए जाने की मांग को लेकर राष्टीय शहरी ग्रामीण विकास समिति ने 20 दिसंबर 2023 को विद्युत अधिशासी अभियंता कार्यालय सेक्टर- 25, नोएडा पर धरना प्रदर्शन का ऐलान किया है। प्रदर्शन की तैयारी के लिए समिति के कार्यकर्ता विभिन्न कॉलोनियों में जनसंपर्क कर लोगों से प्रदर्शन में शामिल होने की अपील कर रहे हैं। इसी क्रम में कल कई कॉलोनी में समिति के नेता हर गोविंद सिंह, रामजी यादव, किरण यादव,गोपी, राजेश दुबे, वशिष्ठ मिश्रा, किशनचंद्र झा, विनोद यादव, राजेंद्र गौड़, विंध्याचल तिवारी, बृज बिहारी पर्वत, जमुना प्रसाद, पंडित श्यामानंद झा, दयाशंकर पांडे, ममता आदि के नेतृत्व में कई कॉलोनियों/ बस्तियों में जनसंपर्क अभियान के तहत नुक्कड़ सभा/ बैठक कर लोगों से 20 दिसंबर 2023 को बिजली घर सेक्टर- 25, नोएडा पर होने वाले प्रदर्शन में शामिल होने की अपील किया। जनसंपर्क अभियान में जनवादी महिला समिति के नेता रेखा चौहान, चंदा बेगम, गुड़िया देवी आदि भी शामिल हुई।

# जिला प्रभारी का स्वागत



**दादरी ( चेतना मंच )।** नगर भाजपा कार्यालय दादरी पर भाजपा के नवनियुक्त जिला प्रभारी प्रमोद गुप्ता के प्रथम आगमन पर नगर अध्यक्ष सोमेश गुप्ता ने स्वागत किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष गजेंद्र मावी व निवर्तमान जिला अध्यक्ष विजय भाटी, जतनलाल गर्ग शरण गोयल नगर पालिका परिषद चेयरपर्सन श्रीमती गीता पंडित नगर महामंत्री योगेश वर्मा विशाल भारद्वाज दिनेश गर्ग संजय गर्ग हैप्पी सुभाष बजरंगी विनोद प्रजापति संगीता रावल प्रीति सिंह बघेल बबलू गोला आकाश सिंगल अंकुर जैन बूथ अध्यक्ष नीरज मित्तल सहित अन्य वरिष्ठ व कनिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# माँ गंगा के तट की स्वच्छता के लिए किया जागरूक



**प्रयागराज ( चेतना मंच )** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम और माता जानकी के विवाहोत्सव विवाह पंचमी के शुभ अवसर पर भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या से पधारे श्रद्धालुओं को मां गंगा के तट पर स्वच्छता के लिए जागरूक जागरूक किया गया।

श्रीमती अनामिका चौधरी प्रदेश मंत्री भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश एवं साथ में टीम लीडर कैलाश दत्ता, नेहा केशरी, नीलम शुक्ला, मृणाली मिश्रा, मुन्नी पांडेय , आस्था तिवारी, त्रिगुणात्मिका शीतल शुक्ला, गीता गुप्ता इस दौरान उपस्थित रहे। इसके पूर्व अनामिका चौधरी के नेतृत्व में माँ गंगा तट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया और गंगा की आरती उतारी गई और योग गुरु आचार्य कौशल ने अट्टहास कर लोगों को योगा कराया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से कृष्ण कुमार तिवारी अधिवक्ता, राकेश मिश्रा, प्रभात श्रीवास्तव अधिवक्ता, विकास केलकर, अन्नू निषाद, पंकज राय, आशुतोष श्रीवास्तव, राजेंद्र जायसवाल, अरूण निषाद, रोहित यादव, सचिन मिश्रा, निखिल श्रीवास्तव, अजय द्विवेदी अधिवक्ता उपस्थित रहे।


## उत्तर मध्य रेलवे

ई-निविदा सूचना संः 2023-दिसम्बर-02 — दिनांकः 14.12.2023

**ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/उत्तर मध्य रेल आगरा द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिये 'खुली निविदा' ई-टेण्डरिंग केवल ऑनलाइन के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

| क्र.सं. | निविदा सं. | अनुमानित लागत (रू.) |
|---|---|---|
| 1 | 2023-दिसंबर-02-01 | ₹ 24984780.90 |
| कार्य का विवरणः आगरा कैन्ट आगरा स्टेशन पर विद्यमान आर. सी. सी. शिरोपरि जलाशय सं. 1 (180 के. एल.), 2 (275 के. एल.), 3 (90 के. एल.) एवं 5 (180 के. एल.) को पाइप लाइन की व्यवस्था के साथ 225 के. एल. आर. सी. सी. ओवर हेड टैंक से बदलने का कार्य। | | |
| 2 | 2023-दिसंबर-02-02 | ₹ 23390742.72 |
| कार्य का विवरणः व. म. इंजीनियर/प्रथम आगरा के अधीन मथुरा - पलवल खंड में समपार से 538, 540, 546, 550, 551, 554, 560 पर रबराइज्ड सतह का प्रावधान। | | |
| 3 | 2023-दिसंबर-02-03 | ₹ 39371753.37 |
| कार्य का विवरणः (अ) मथुरा अछनेरा खंड में सब वे संख्या 362 पर बॉक्स पुलिया के द्वारा जल निकास में सुधार। (ब) मथुरा - पलवल डाट पुल संख्या 1433/3 अप व डाउन विस्तार 1X0.47 मी. तथा अन्य छोटे पुलों का आर. सी. सी. बॉक्स पुलिया से बदलाव। (स) मथुरा - पलवल खंड में पुल सं. 1436 / 2 पुनर्वास के साथ बचाव इत्यादि कार्य कार्य। | | |
| 4 | 2023-दिसंबर-02-04 | ₹ 13350770.60 |
| कार्य का विवरणः मथुरा - अलवर खंड में ऊँटवाड, जाडोली का बास, बृजनगर तथा गोविन्दगढ़ स्टेशनों पर पाइप लाइन नेटवर्क के साथ बोर वैल तथा शिरोपरि जलाशय का प्रावधान। | | |
| 5 | 2023-दिसंबर-02-05 | ₹ 7518746.60 |
| कार्य का विवरणः व. मंडल इंजीनियर प्रथम आगरा, उत्तर मध्य रेलवे के क्षेत्राधिकार में ओपन लाइन खंड, रेलवे कॉलोनी तथा स्टेशन यार्ड के भूमि प्लान का प्रस्तावित मिलान, अद्यतन करना, प्रमाणन तथा कम्प्यूटरी करण। | | |
| 6 | 2023-दिसंबर-02-06 | ₹ 20212377.55 |
| कार्य का विवरणः आगरा मंडल में 08 नग लिफ्ट का प्रावधान। | | |

निविदा को प्रस्तुत करने एवं निविदा के बारे में पूरी जानकारी के लिए भारतीय रेल की बेवसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। निविदायें केवल बेव पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से दिनांक 05.01.2024 को 15:00 बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है। 2048/23 (A)

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @northcentralrailway | @CPRONCR



## दैनिक चेतना मंच

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी



Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

# सत्यम फैशन इंस्टीट्यूट का ट्रेड शो में लगा उत्कृष्ट स्टॉल



**नोएडा ( चेतना मंच )।** देश के सबसे प्रतिष्ठित डिजाइन संस्थानों में से एक प्रतिष्ठित एसएनडीटी महिला विश्वविद्यालय, मुंबई से संबद्ध सत्यम फैशन इंस्टीट्यूट नोएडा ने लोकप्रिय एचजीएच इंडिया 2023 ट्रेड शो में भाग लिया।

एचजीएच इंडिया जोकि इंटीरियर साज-सज्जा और फर्नीचर, एक्सेसरीज और उपहारों के लिए एक द्वि-वार्षिक ट्रेड शो है।

इस दिसंबर में ग्रेटर नोएडा के शानदार इंडिया एक्सपो सेंटर में अपने 14वें संस्करण के साथ शुरू हुआ, जहां सत्यम फैशन इंस्टीट्यूट नोएडा ने प्रदर्शनी हाल अपने विशेष बूथ के साथ भाग लिया।

सत्यम फैशन इंस्टीट्यूट की प्रिंसिपल डॉ. वंदना जागलान, सत्यम फैशन इंस्टीट्यूट की वाइस प्रिंसिपल डॉ. नीतू मल्होत्रा ने स्टूडेंट्स को सर्टिफ़िकिट्स और ट्रॉफी से पुरस्कृत किया। सत्यम फैशन इंस्टीट्यूट नोएडा ने गणमान्य अतिथियों और आयोजकों टेक्सज़ोन इंफॉर्मेशन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के क्षेत्रीय निदेशक शिव कुमार गुप्ता और टेक्सज़ोन इंफॉर्मेशन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अरुण रूंगटा का स्वागत, अभिनंदन किया।

# भारत को सनातन राष्ट्र घोषित करने को जंतर मंतर पर अनशन

**नई दिल्ली ( चेतना मंच )।** भारत देश को सनातन राष्ट्र घोषित करने और सनातन धर्म संरक्षण आयोग का गठन सहित 7 विशेष सूत्रीय मांग को लेकर सनातन रक्षा वाहिनी संगठन ने रविवार को नई दिल्ली के जन्तर मन्तर पर एक दिवसीय अनशन का आयोजन किया। वहीं राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपती मुर्मू एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम से ज्ञापन देकर संगठन ने उक्त मांग साहित अन्य मुद्दों की मांग की है।

इस अवसर पर संयोजक पंकज अथर्व, अध्यक्ष नंदन झा, तरुण राव, आदित्य नारायण, पंकज कुमार, शिवानन्द जी, संगठन महामंत्री प्रियांक मिश्रा,अम्बुज तिवारी, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी, अभिषेक ब्याहुत, मीडिया प्रभारी( नई दिल्ली), कुंवर तरुण देव, दिलीप यादव इत्यादि ने सनातन धर्मी व जाति से हिंदू हैं इसे में अपनी सहमति प्रदान कर सभा को संबोधित किया।



अनशन के दौरान बृजेष उपाध्याय संगठन प्रभारी, आर्य प्रियम, आर्य शेषम, अमित सिंह, पवन ठाकुर, शशिकांत रॉय, आशीष चौधरी, सुनील, आभा जैन, राधा, प्रशांता वर्मा, अभिषेक झा, नीरज सिंह, जया, माधवी झा, शैलजा, सरोज, रविन्द्र,मीनु, राकेश त्रिपाठी, श्रेयाचार्य व आदिति एवं संगठन के वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सड़क हादसों में महिला समेत तीन की मौत

**नोएडा।** थाना सेक्टर-126 क्षेत्र में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार महिला की मौत हो गई। वहीं थाना फेसबुक क्षेत्र में हुए सड़क हादसों में दो युवकों की जान चली गई।

रायपुर खादर निवासी सूरजपाल आज सुबह अपनी पत्नी श्यामवती के साथ बाइक से जा रहे थे चरखा गोल चक्कर पर उनकी बाइक में किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी इस हादसे में श्यामवती को गंभीर चोटे आई। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया गंभीर स्थिति में श्यामवती को उपचार के लिए कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनकी मौत हो गई।

वहीं थाना फेस-3 क्षेत्र के सेक्टर-93 में बाइक पर तेज गति में आ रहा युवक संतुलन खो बैठा। तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से टकरा गई बाइक चालक युवक को इस हादसे में गंभीर चोट आई सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने उपचार के लिए युवक को यथार्थ अस्पताल में भर्ती कराया आज सुबह युवक ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया मृतक की पहचान खैर अलीगढ़ निवासी उपेंद्र रावत के रूप में हुई उपेंद्र रावत अपने माता-पिता का एकलौता पुत्र था। उसके मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में मातम पसर गया। इसी थाना क्षेत्र के कुलेसरा पुश्ता पर अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से बाइक चालक महावीर की मौत हो गई महावीर हल्द्वानी मोड़ पर अपने परिवार के साथ रह रहा था पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# सन्तुलित भोजन व व्यायाम आवश्यक: योगाचार्य अनिल रावत

**गाजियाबाद ( चेतना मंच )।** केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के तत्वावधान में अपना वजन कैसे कम करें विषय पर ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन किया गया।यह कोरोना काल से 595 वाँ वेबिनार था।

योगाचार्य अनिल रावत ( जयपुर) ने कहा कि आज हर व्यक्ति स्वास्थ्य और वजन को लेकर चिंतित है और बढ़ता वजन हर व्यक्ति के लिए चिंता का विषय है और यदि पेट सीने से बाहर निकल रहा है तो बिल्कुल भी हल्के में ना लें।वजन घटाने के लिए कुछ भ्रांतियां हैं जिनके बारे में बताना चाहता हूं -

बहुत ज्यादा व्यायाम करना होगा। रात का खाना,मीठा,पसंद का खाना छोड़ना होगा। निबू पानी,गर्म पानी आदि से वजन कम हो जाएगा। घूमने और एक्सरसाइज से वजन कम हो जायेगा।ये सभी भ्रांतियां हैं।




संतुलित व्यायाम- जिसमें योगासन, कार्डियक, स्ट्रेंथ, मेडिटेशन, प्राणायाम, हीलिंग, सूक्ष्म व्यायाम का समावेश हो।

संतुलित खाना- अपने पोषक तत्वों की पूर्ति करें- प्रोटीन, विटामिन, मिनरल, फाइबर, फैट, कार्बोहाइड्रेट ये सभी आवश्यकतानुसार लेवें। वजन अपने आप घटने लगेगा।

किसी एक्सपर्ट की गाइडेंस में करें।अपने आप नही करें।

लगातार पॉजिटिव माहोल में रहें जहां सब वजन घटा रहे हों।

इन 4 स्टेप्स को लगातार फॉलो करते रहेंगे तो न केवल वजन घटेगा बल्कि आइडियल वेट और फिटनेस पर आ पाएंगे।ध्यान रखिए 98 % लोग यही गलती करते हैं इसलिए वजन नहीं घटा पाते। मुख्य अतिथि डॉ. रमेश कुमार (द्वारका) व सीमा स्वस्ति (रोहतक) ने भी स्वस्थ रहने के सूत्र समझाये। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के अध्यक्ष अनिल आर्य ने कुशल संचालन किया व राष्ट्रीय मंत्री प्रवीण आर्य ने धन्यवाद ज्ञापन किया। गायिका प्रवीना ठक्कर,रविन्द्र गुप्ता,जनक अरोड़ा,कौशल्या अरोड़ा, शोभा बत्रा आदि के मधुर भजन हुए।

## पृष्ठ एक के शेष....

**दुनिया का सबसे....**

आज हमारे तीर्थों का विकास हो रहा है। कुछ हफ्तों में राम मंदिर का निर्माण पूरा हो जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि सरकार, समाज और संतगण, सब साथ मिलकर काशी के कायाकल्प के लिए काम कर रहे हैं। काशी का मतलब स्वच्छता और बदलाव है। पानी की बूंद-बूंद बचाना जरूरी है। वाराणसी में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है।

पीएम मोदी ने कहा कि भारत ने कभी भौतिक उन्नति को भौगोलिक विस्तार और शोषण का माध्यम नहीं बनने दिया। भौतिक प्रगति के लिए भी हमने आध्यात्मिक और मानवीय प्रतीकों की रचना की। हमने काशी जैसे जीवंत सांस्कृतिक केंद्रों का आशीर्वाद लिया।

पीएम मोदी ने कहा कि स्वर्वेद मंदिर भारत के सामाजिक और आध्यात्मिक सामर्थ्य का एक आधुनिक प्रतीक है। इसकी दीवारों पर स्वर्वेद को बड़ी सुंदरता के साथ अंकित किया गया है। वेद, उपनिषद, रामायण, गीता और महाभारत आदि ग्रन्थों के दिव्य संदेश भी इसमें चित्रों के जरिये उकेरे गए हैं। इसलिए ये मंदिर एक तरह से अध्यात्म, इतिहास और संस्कृति का जीवंत उदाहरण है।

**विद्युत विभाग के नोटिस...**

इसके साथ प्रति यूनिट शुल्क भी 7 रुपये पचास पैसे से लेकर 8 रुपये 75 पैसे तक वसूला जाता है। वहीं औद्योगिक श्रेणी में केवल 290 रुपये प्रति किलोवाट फिक्स चार्ज लिया जाता है। इसके साथ सात रुपये 30 पैसे से लेकर सात रुपये 90 पैसे तक प्रति यूनिट शुल्क वसूला जाता है।

दूसरी तरफ एनईए की विद्युत कमेटी के चेयरमैन हरीश जुनेजा ने बताया कि औद्योगिक सेक्टरों में चल रही आईटी कंपनियों को भी सरकार और प्राधिकरण द्वारा औद्योगिक इकाई का दर्जा दे दिया है। लेकिन विद्युत निगम ने औद्योगिक सेक्टर में चले रही आईटी कंपनियों को औद्योगिक इकाई का दर्जा नहीं दिया। इसी वजह से विद्युत निगम द्वारा आईटी कंपनियों को नोटिस जारी किया जा रहा। इससे आईटी कंपनियों के मालिकों की परेशानी बढ़ रही है।

**मोबाइल ज्यादा चलाने...**

वहीं थाना सेक्टर-58 क्षेत्र के बिशनपुर गांव में किराए पर रहने वाले समीर ने फांसी लगा ली। समीर मूल रूप से पटना बिहार का रहने वाला था और अपने परिजनों के साथ बिशनपुर गांव में किराए पर रह रहा था। मृतक के पास से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

**कार रोकने पर...**

प्रवेश द्वार पर तैनात गार्ड ने बिना स्टीकर लगी कार को अंदर जाने से रोक दिया। गार्ड द्वारा रोक के जाने से गुस्साए दरोगा कपिल सिंह ने कार से उतरते ही उस पर थप्पड़ों की बरसात कर दी। बेबस गार्ड चुपचाप पिटता रहा। हालांकि दरोगा के दबंगई की हरकत एंट्री गेट पर लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। इस बात की जानकारी जब सोसायटी वासियों को हुई तो उन्होंने आज जमकर हंगामा किया। मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मियों को भी सोसायटी वासियों ने जमकर खरी-खोटी सुनाई और कहा कि दरोगा की गुंडई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

इस संबंध में मीडिया सेल ने बताया कि दोनों पक्षों में आपसी समझौता हो गया है। कोई भी पक्ष कानूनी कार्रवाई नहीं चाहता है। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीसीपी सेंट्रल ने इसकी जांच एसीपी-2 सेंट्रल को सौंपी है। वही दरोगा की दबंगई तथा सोसायटी वासियों के विरोध प्रदर्शन की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है जिन पर लोग तरह-तरह के कमेंट्स कर रहे हैं।

**सेक्टर-123 में....**

बहुउददेश्यीय भवन, स्टाफ क्वार्टर, स्टाफ पार्किंग, नर्सरी, स्टोर रूम, गार्ड रूम, टॉयलेट, इलेक्ट्रिकल रूम, पैदल पथ, फीचरवॉल, मेंटीनेंस ब्लॉक, चारदीवारी, 6 क्योस्क, सड़कें, माउंटस तथा स्कल्पचर्स के निर्माण किए जाएंगे। यहां पर 144 वाहनों की क्षमता वाली पार्किंग भी बनायी ताएगी तथा दोपहिया पार्किंग बनाई जाएगी। करीब 400 लोगों के बैठने के लिए हॉल तैयार किया जाएगा।

बता दें कि यह भूखंड वर्ष-2018 से खाली पड़ा था। 2018 में एनजीटी ने सेक्टर-54 लैंडफिल साइट पर कूड़ा फेंकने से मना कर दिया था। इसके बाद मास्टर प्लॉन के तहत सेक्टर-123 में स्थित 9 हजार वर्ग मीटर भूखंड का इस्तेमाल लैंडफिल साइट के लिए प्रयोग करने का निर्णय लिया गया। पुलिस बल के साथ काम भी शुरू किया गया। लेकिन आसपास की सोसायटी तथा ग्रामीणों द्वारा व्यापक विरोध प्रदर्शन किया गया। इसके बाद लैंडफिल साइट को यहां से हटाकर सेक्टर-145 किया गया तथा सेक्टर-123 के साइट को गडढे को ढक दिया गया तभी से यह इलाका खाली था। बाद में लैंडयूज बदलकर अब यहां स्पोर्टस कांप्लेक्स निर्माण का निर्णय लिया गया।

**अब तक प्राधिकरण ने....**

भी प्राधिकरण का जनस्वास्थ्य विभाग काफी सक्रिय है। उन्होंने बताया कि नसबंदी के कार्य में तेजी लाने के लिए दो अन्य एजेंसियों का भी चयन किया जा रहा है इसके लिए टेंडर की प्रक्रिया चल रही है।

मालूम हो कि अभी तक सिर्फ एक एजेंसी ही कुत्तों की नसबंदी तथा टीकाकरण का कार्य कर रही है। अब इनकी संख्या तीन हो जाने से इस कार्य में तेजी आएगी। पहले रोजाना औसत 20 कुत्तों की नसबंदी होती थी लेकिन अब तीन एजेंसियों के साथ कार्य करने से उनकी संख्या में काफी वृद्धि होने की उम्मीद है।

बता दें कि अब तक वर्ष 2019 से लेकर 2023 तक नोएडा प्राधिकरण 26141 कुत्तों की नसबंदी तथा टीकाकरण कर चुका है। इस वर्ष 3160 कुत्तों की नसबंदी की गई। वर्ष 2019 में 7249, 2020 में 6003, 2021 में 2794 तथा वर्ष 2022 में 6988 कुत्तों की नसबंदी की गई। इसकी संख्या में अब और भी तेजी आने की संभावना है।

**रिलायंस मार्ट में...**

वहीं थाना बीटा दो में दर्ज कराई रिपोर्ट में देवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि बीते 6 दिसंबर की रात्रि को उनके निर्माणाधीन प्लॉट से करीब डेढ़ लाख रूपए मूल्य के बिजली के तार के बंडल चोरी कर ले गए। यह बंडल कंस्ट्रक्शन साइट पर बने स्टोर रूम में रखे हुए थे।

वहीं थाना बिसरख क्षेत्र के गैलेक्सी डायमंड प्लाजा में चोरों ने रिलायंस मार्ट मैं चोरी की घटना को अंजाम दिया धीरेंद्र सिंह राठौड़ ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि चोर रिलायंस मार्ट से घी के डब्बे बादाम व अन्य सामान को चोरी कर ले गए हैं। चोरों का पता लगाने के लिए पुलिस मार्ट में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है।

**पैदल घूमकर ब्रांडेड...**

कर्मियों ने उन्हें दबोच लिया। तलाशी में उनके पास से तमंचा, कारतूस, चाकू बरामद हुए।

पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम नेपाल, सुब्रत राय, प्रदीप व प्रदीप सरकार बताए। आरोपियों ने बताया कि उन्होंने दोनों साइकिल है अलग-अलग स्थान से चोरी की थी। चोरी की चार अन्य साइकिल है निठारी गांव के पानी की टंकी के पास बंद पड़े मकान में छुपा कर रखी हुई हैं। आरोपियों की निशान देही पर छापा मार कर चोरी की चार और साइकिल बरामद की गई उन्होंने बताया कि वह पैदल घूम कर साइकिल चोरी करने की वारदातों को अंजाम देते हैं। रेकी करने के दौरान उन्हें जो साइकिल घर के बाहर और सड़क किनारे खड़ी मिलती थी उसे लेकर वह चंपत हो जाते थे। पकड़े गए आरोपियों ने साइकिल चोरी की कई वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया है।

**गाड़ियों से सामान चोरी...**

कारतूस बरामद हुए। फिरोज ने अपने फरार साथी का नाम अनीश बताया।

थाना प्रभारी ने बताया कि फिरोज और अनीस दोनों सगे भाई हैं और एक साथ मिलकर भीड़ वाले इलाकों में सड़क किनारे खड़ी गाड़ियों का शीशा तोड़कर लैपटॉप में अन्य सामान चोरी करते हैं। आरोपियों के पास से बरामद बाइक भी चोरी की है और यह गाजियाबाद के खोड़ा से चोरी की गई थी।

**बैंक के सामने...**

कस्बे में आरोपियों की तलाश की लेकिन उनका कोई पता नहीं चला। पुलिस के मुताबिक आरोपियों की तलाश की जा रही है।

**मोबाइल टॉवरों से....**

उपकरण चोरी कर लिए चोर टावर से दो आर आर यू व सहायक उपकरण को चोरी कर ले गए।

वहीं थाना सूरजपुर में दर्ज कराई रिपोर्ट में शिवम इन्फोकॉम प्राइवेट लिमिटेड के टेक्नीशियन कुलवंत सिंह ने बताया कि धर्मपाल मार्केट के पास खाली प्लॉट में लगे टावर से चोरों ने आरआरयू चोरी कर लिए। कंपनी कर्मचारियों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच पड़ताल कर रही है। बता दें कि कर आए दिन मोबाइल टावरों को निशाना बनाकर चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं।



# भारत का दमदार प्रदर्शन, दक्षिण अफ्रीका को 8 विकेट से मात

**जोहान्सबर्ग (एजेंसी)।** अर्शदीप और आवेश खान की शानदार गेंदबाजी के बाद साई सुदर्शन और श्रेयस के शानदार अर्धशतकों की बदौलत भारत ने पहले एक दिवसीय मैच में शानदार जीत दर्ज की। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच जोहान्सबर्ग के न्यू वांडरर्स स्टेडियम में खेले गए पहले एक दिवसीय मै भारत ने मेजबान दक्षिण अफ्रीका को 8 विकेटों से मत देते हुए सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। शानदार गेंदबाजी के लिए अर्शदीप सिंह को मैन आफ द मैच से नवाजा गया।

लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने सधी हुई शुरूआत की और 23 रन पर अपना पहला विकेट रुतुराज गायकवाड के रूप में खोया। गायकवाड़ पांच रन बनाकर वियान मूल्डर की चौथे ओवर की चौथी गेंद पर एलबीडब्ल्यू हो गए। इसके बाद सुदर्शन और श्रेयष अय्यर के बीच 88 रन की साझेदारी हुई जिसने टीम की जीत को पक्का कर दिया। अय्यर ने 45 गेंदों पर 52 रन बनाए, जिसमें 6 चौके और एक छक्का शामिल था। हालांकि 15.5 ओवर में अर्धशतक लगाकर फेहलुकवायो की गेंद पर मिलर के हाथों कैच आऊट हो गए। इसके बाद सुदर्शन का साथ देने बाएं हाथ के बल्लेबाज तिलक वर्मा आएं और वे आखिर तक नाबाद रहे। सुरर्शन ने 43 गेंदों पर 9 चौकों की मदद से नाबाद रहते हुए 55 रन बनाए और आखिर तक क्रीज में मौजूद रहते हुए भारत की झोली में जीत डालकर नाबाद वापस लौटे। तिलक वर्मा ने तीन गेंदों का सामना किया और 1 रन बनाया।

इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। अर्शदीप सिंह (5/37) और आवेश खान (4/27) की तूफानी गेंदबाजी की बदौलत



भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 27.3 ओवर में 116 रन पर ढेर कर दिया। दक्षिण अफ्रीका की शुरूआत खराब रही और अर्शदीप ने आते ही टीम को हिला दिया। मैच के दूसरे तथा अपने पहले ओवर की चौथी और पांचवी गेंद पर दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजों को पवेलियन का रास्ता दिया। अर्शदीप की आधी में टीम संभलती इससे पहले ही आवेश ने अपने रंग दिखाने शुरू कर दिए जिससे द. अफ्रीका को संभलने का मौका नहीं मिला। टीम की तरफ से एंडिले फेहलुकवेओ टोनी डी जोरजी ने सबसे ज्यादा क्रमशः 33 और 28 रन बनाए। अब भारत को जीत के लिए 117 रन की जरूरत है। भारतीय गेंदबाज अर्शदीप ने पहले गेंदबाजी भारत को शानदार शुरूआत दिलाई और दूसरे ओवर में दो विकेट झटके। उन्होंने 1.4 ओवर में रीजा हेंड्रिक्स (0) और फिर 1.5 ओवर में रासी वैन डेर डुसेन (0) को पवेलियन भेजा। अर्शदीप ने तीसरा विकेट टोनी डी जोरजी का निकाला और उन्हें 7.5 ओवर में केएल राहुल के हाथों आउट करवाया। टोनी 22 गेंदों पर 2 चौकों और इतने ही छक्कों से 28 रन बनाकर पवेलियनल लौटे। हेनरिक क्लासेन (6) 9.6 ओवर में अर्शदीप की गेंद को पढ़ने में नाकाम रहे और बोल्ड आउट हो गए।

कप्तान एडेन मार्कराम भी फेल साबित हुए और आवेश खान की गेंद 11वें ओवर की पहली गेंद पर बोल्ड हो गए उन्होंने मात्र 12 रन बनाएं। इसी ओवर की दूसरी गेंद पर आवेश ने वियान मूल्डर को शन्यू पर एलबीडब्ल्यू किया। इसके बाद आवेश का तीसरा शिकार बने डेविड मिलर। उन्हें दो रन पर राहुल के हाथों कैच आउट करवाया। आवेश ने 18.1 ओवर में केशव महाराज को रुतुराज के हाथों कैच आउट करवकर भारत को आठवीं सफलता दिलाई। केशव मात्र 4 रन बनाकर वापस लौट गए। अर्शदीप ने पारी में पांचवा विकेट झटकते हुए एंडिले फेहलुकवेओ को शिकार बनाया और उन्हें 25.1 ओवर में 33 रन पर एलबीडबल्यू किया। अंतिम विकेट कुलदीप यादव के नाम रहा जिन्होंने 27.3 ओवर में नंद्रे बर्गर (7) को बोल्ड किया।

इससे पहले टॉस जीतने के बाद दक्षिण अफ्रीकी कप्तान एडन मार्कराम ने कहा, हम पहले बल्लेबाजी करेंगे। प्रयुक्त विकेट, हम पहले बल्लेबाजी करना चाहेंगे, दो स्पिनर खेल रहे हैं। यह एक शानदार दिन है, लोगों को सलाम। उम्मीद है कि दोनों टीमें अच्छा प्रदर्शन करेंगी। बर्गर ने पदार्पण करेंगे उसके लिए विशेष दिन।

## अर्शदीप सिंह ने पहले वनडे में बनाया बड़ा रिकॉर्ड

टीम इंडिया के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह एकदिवसीय क्रिकेट में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच विकेट लेकर एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया हैं। वे दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एक दिवसीय मैच में पांच विकेट लेने वाले पहले भारतीय तेज गेंदबाज बन गए हैं। 24 वर्षीय तेज गेंदबाज अर्शदीप ने भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच जोहान्सबर्ग में पहले वनडे के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। अर्शदीप गेंद से जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए 10 ओवरों में 3.7 की इकॉनमी रेट के साथ 37 रन देकर 5 विकेट लिए। तेज गेंदबाज ने अपने पहले स्पेल में रीजा हेंड्रिक्स, टोनी डी जोरजी और रासी वान डेर डुसेन के विकेट लेकर दक्षिण अफ्रीका के शीर्ष क्रम को ध्वस्त कर दिया। बाद में उन्होंने खतरनाक दिख रहे हेनरिक क्लासेन और ऑलराउंडर एंडिले फेहलुकवायो को पवेलियन का रास्ता दिखाया। कुल मिलाकर वह भारत के लिए वनडे में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच विकेट लेने वाले चौथे गेंदबाज हैं। पहली बार स्पिनर सुनील जोशी (5/6) ने 1999 में प्रोटियाज के खिलाफ पारी में पांच विकेट लिए थे। उसके बाद स्पिनर युजवेंद्र चहल (5/22 2018 सेंचुरियन में) और रवींद्र जड़ेजा (5/33 कोलकाता में 2023) थे। अपनी शानदार गेंदबाजी के प्रदर्शन के बाद अर्शदीप ने कहा कि वह चीजों को सरल रखने की कोशिश कर रहे थे और एक दिवसीय मैच में पांच विकेट लेकर अपने विकेटों की शुरुआत करना बहुत अच्छा है। उन्होंने कहा, मैंने वनडे में अपना खाता नहीं खोला था। पारी में पांच विकेट के साथ शुरुआत करना बहुत अच्छा था। विकेट मददगार था। जब हमने बातचीत की, तो हमने सोचा कि ज्यादा हलचल नहीं होगी।

# आईपीएल ऑक्शन का हो रहा बेसब्री से इंतजार, 19 को होगी नीलामी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग 2024 की शुरुआत से पहले 19 ?दिसंबर मंगलवार को दुबई में खिलाड़ियों की नीलामी होनी है। इसका सभी को बेसब्री से इंतजार हो रहा है। सभी 10 फ्रेंचाइजी टीमों के साथ ही फैन्स को भी आईपीएल के मिनी ऑक्शन का इंतजार है। इसके लिए 333 खिलाड़ियों को शॉर्टलिस्ट किया गया है, जिसमें 214 भारतीय प्लेयर्स हैं। असल में देखा जाए तो 333 खिलाड़ियों की सूची में 116 कैप्ड, 215 अनकैप्ड और दो एसोसिएट खिलाड़ी शामिल हैं। कुल 119 विदेशी खिलाड़ी ऑक्शन पूल में उतरेंगे, जिसमें इंग्लैंड के सबसे ज्यादा 25 क्रिकेटर शामिल हैं। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया के 21 और साउथ अफ्रीका के 18 खिलाड़ी रहेंगे। वहीं वेस्टइंडीज के 16, न्यूजीलैंड के 14, श्रीलंका के 8, अफगानिस्तान के 10, बांग्लादेश के 3, जिम्बाब्वे के 2, नीदरलैंड और नामीबिया के 1-1 खिलाड़ी भी ऑक्शन लिस्ट में शामिल हैं। हालांकि फाइनल ऑक्शन में 77 खिलाड़ियों पर सफलतम बोली लग सकती है, जिनमें विदेशी प्लेयर्स की संख्या 30 रहेगी।

ऑक्शन पूल में शामिल प्रमुख खिलाड़ियों में स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क, पैट कमिंस, ट्रेविस हेड, डेरिल मिचेल और रचिन रवींद्र भी शामिल हैं। स्टार्क ने तो अरसे बाद आईपीएल नीलामी के लिए अपना नाम रजिस्टर कराया था। दो करोड़ के बेस प्राइस लिस्ट में तीन भारतीय खिलाड़ी हर्षल पटेल, शार्दुल ठाकुर और उमेश यादव हैं। 2 करोड़ बेस प्राइस में हैरी ब्रूक, ट्रेविस हेड, रिले रोसो, स्टीव स्मिथ, गेराल्ड कोएत्जी, पैट कमिंस, हर्षल पटेल, शार्दुल ठाकुर, क्रिस वोक्स, जोश इंगलिस, लॉकी फर्ग्यूसन, जोश हेजलवुड, मिचेल स्टार्क, उमेश यादव, मुजीब उर रहमान, आदिल राशिद, रस्सी वैन डर डुसेन, जेम्स विंस, सीन एबॉट, जेमी ओवर्टन, डेविड विली, बेन डकेट, मुस्तफिजुर रहमान हैं।

वहीं 1.5 करोड़ रुपये बेस प्राइस में मोहम्मद नबी, डेनियल सैम्स, टॉम कुरेन, क्रिस जॉर्डन, टाइमल मिल्स, फिल साल्ट, कॉलिन मुनरो, जिमी नीशम, टिम साउदी, वानिंदु हसरंगा, जेसन होल्डर, शेरफेन रदरफोर्ड, झाय रिचर्डसन है। इसी तरह 1 करोड़ रुपये बेस प्राइस में एश्टन एगर, रिले मेरेडिथ, एश्टन टर्नर, गस एटकिंसन, सैम बिलिंग्स, माइकल ब्रेसवेल, काइल जेमिसन, एडम मिल्ने, डेरिल मिचेल, वेन पार्नेल, ड्वेन प्रिटोरियस, अल्जारी जोसेफ, रोवमैन पॉवेल, डेविड विजे भी शामिल किए गए हैं। गुजरात टाइटन्स और सनराइजर्स हैदराबाद के पास पर्स में काफी रुपये बचे हैं। ऐसे में मिनी ऑक्शन में इन दोनों पर सबकी निगाहें रहेंगी

# भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ डेविस कप मुकाबले के लिए टीम घोषित की

नई दिल्ली - भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ तीन और चार फरवरी को इस्लामाबाद में होने वाले डेविस कप विश्व ग्रुप एक प्ले ऑफ मुकाबले के लिए शनिवार को छह सदस्यीय टीम घोषित की। रामकुमार रामनाथन, एन श्रीराम बालाजी, युकी भांबरी, निकी कालियांदा पूनाचा, साकेत माइनेनी और दिग्विजय प्रताप सिंह को टीम में शामिल किया गया है। दिग्विजय प्रताप सिंह रिजर्व खिलाड़ी हैं। रामनाथन और पूनाचा एकल मैच खेल सकते हैं जबकि युकी, बालाजी और माइनेनी में से किन्हीं दो को युगल मैच के लिए चुना जा सकता है। रोहित राजपाल टीम के गैर खिलाड़ी कप्तान होंगे जबकि जीशान अली कोच की भूमिका निभाएंगे। अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) ने विज्ञप्ति में बताया कि चयन समिति की बैठक की अध्यक्षता नंदन बल ने की तथा समिति के अन्य सदस्य बलराम सिंह, मुस्तफा घोष, साई जयलक्ष्मी, राजपाल, जीशान और सचिव अनिल धूपर भी इसमें उपस्थित थे। भारत ने इससे पहले आखिरी बार 1964 में पाकिस्तान का दौरा किया था और तब उसने 4-0 से जीत दर्ज की थी। भारत अभी तक पाकिस्तान से कभी नहीं हारा है। उसने पाकिस्तान के खिलाफ सभी आठ मुकाबले जीते हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच आखिरी मुकाबला 2019 में तटस्थ स्थल पर खेला गया था। भारत ने इस मुकाबले में भी 4-0 से जीत हासिल की थी।

# रोहित शर्मा के कप्तानी से हटने पर वसीम जाफर हैरान, हार्दिक पर खड़े किए सवाल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रोहित शर्मा के मुंबई इंडियंस द्वारा 2024 आईपीएल सीज़न से पहले कप्तानी से हटाने पर वसीम जाफर ने हैरानी जाहिर की है। बता दें कि मुंबई इंडियंस द्वारा हार्दिक पंड्या को अपना कप्तान नियुक्त करने के एक दिन बाद भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज वसीम जाफर ने आश्चर्य जताया है। दरअसल शुक्रवार को फ्रैंचाइज़ी ने घोषणा की कि हार्दिक टीम के नए कप्तान होंगे। इसके बाद कप्तान के रूप में रोहित का दस साल का शासन समाप्त हो जाएगा।

गौरतलब है कि रोहित की कप्तानी में मुंबई ने पांच आईपीएल खिताब 2013, 2015, 2017, 2019 और 2020 जीते थे। बहरहाल, वसीम जाफर ने कहा कि हार्दिक पांड्या ने गुजरात का अच्छा नेतृत्व किया। उनके प्रदर्शन पर बहुत सारे सवालिया निशान थे क्योंकि वह लंबी छुट्टी के बाद वापस आए थे, और वह एक नई फ्रेंचाइजी की कप्तानी कैसे करेंगे, वह चौथे नंबर पर कैसे बल्लेबाजी करेंगे। उन्होंने पहले सीज़न 2022 में उन सभी सवालों के जवाब दिए।

# न्यूयॉर्क कर सकता है टी20 विश्व कप में भारत-पाकिस्तान मुकाबले की मेजबानी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 2024 टी20 विश्व कप में भारत-पाकिस्तान मुकाबले की मेजबानी न्यूयॉर्क कर सकता है। गौरतलब है कि पुरुष टी20 विश्व कप वेस्टइंडीज और संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएसए) में संयुक्त रूप से आयोजित होने वाला है। टूर्नामेंट के ग्रुप चरण में भारत का मुकाबला पाकिस्तान से लॉन्ग आइलैंड, न्यूयॉर्क में अप स्टेडियम में हो सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद और स्थानीय आयोजन समितियां शुक्रवार को पूर्ण कार्यक्रम पर हस्ताक्षर करेंगी, जिसमें टूर्नामेंट 4 से 30 जून तक आयोजित किया जाएगा। लॉन्ग आइलैंड पर आइजनहावर पार्क, जो भारत-पाकिस्तान मैच की मेजबानी कर सकता है, में 34,000 सीटों वाला एक अस्थायी क्रिकेट स्टेडियम होगा और मैनहट्टन शहर में बड़ी संख्या में भारतीय और पाकिस्तानी मूल के लोगों की सुविधा होगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि शेड्यूल में कुछ बदलाव अभी भी संभव हैं, लेकिन इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया अपने सभी ग्रुप मैच कैरेबियन में खेलेंगे। यह समझा जाता है कि इंग्लैंड के मैच अपने शुरुआती, पांच-टीम समूह में और, अगर वे उसमें से अर्हता प्राप्त करते हैं, तो सुपर 8 राउंड में सभी ब्रिटिश पर्यटक आकर्षण के केंद्र एंटीगा, बारबाडोस और सेंट लूसिया में होंगे।




बता दें कि आईसीसी निरीक्षक पिछले एक पखवाड़े से कैरेबियाई स्थलों का दौरा कर रहे हैं, जो इस सप्ताह गयाना में समाप्त होगा। हालांकि उन्होंने पाया कि कुछ सुधार और विस्तार अभी भी आवश्यक है, लेकिन उन्हें कोई महत्वपूर्ण समस्या नहीं मिली है। फाइनल के लिए स्थान की पुष्टि नहीं की गई है, लेकिन इसके बारबाडोस में होने की संभावना है, जिसने पहले 2007 में 50 ओवर के विश्व कप और 2010 में टी20 इवेंट के फाइनल की मेजबानी की थी। 2007 में टूर्नामेंट के उद्घाटन संस्करण में ट्रॉफी उठाने के बाद से भारत ने पुरुष टी20 विश्व कप नहीं जीता है। वे बांग्लादेश में टूर्नामेंट के 2014 संस्करण में फाइनल में पहुंचे, लेकिन खिताबी मुकाबले में श्रीलंका से छह विकेट से हार गए।

# 220 रन बनाने के बाद हारना निराशाजनक है, इंग्लैंड के खिलाफ मैच के बाद बोले रोवमैन पॉवेल

सेंट जॉर्ज। पहले बल्लेबाजी करते हुए 220 रन बनाने के बाद मैच हारने पर वेस्टइंडीज के कप्तान रोवमैन पॉवेल निराशा जताई हैं। उन्होंने कहा कि यह बहुत निराशाजन था कि हमने पहली पारी में 220 रन बनाएं और हम हार गए। गौरतलब है कि इंग्लैंड ने शनिवार को ग्रेनाडा के नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में 5 मैचों की श्रृंखला के तीसरे टी20 मैच में वेस्टइंडीज के खिलाफ सात विकेट से जीत दर्ज की थी। मैच के बाद कप्तान पॉवेल ने अपनी टीम की बल्लेबाजी लाइनअप की प्रशंसा की और कहा कि यह सराहनीय था कि उन्होंने पहली पारी में कैसा



प्रदर्शन किया। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि तीसरे टी20 मैच में उनका गेंदबाजी आक्रमण खराब था। पॉवेल ने कहा कि उन्हें श्रृंखला के अपने आगामी मैचों के लिए बेहतर योजनाओं के साथ आने की जरूरत है। 220 रन बनाने के बाद हारना स्पष्ट रूप से निराशाजनक है। जिस तरह से हमने समाप्त किया वह सराहनीय था। हमारी गेंदबाजी कमजोर थी। हमारे पास टीम में ऐसा करने के लिए गुणवत्ता वाले लोग हैं। हम छह हिटर हैं और हम जितना संभव हो उतना हिट करने की कोशिश करते हैं। हमें बेहतर योजनाओं के साथ आने की जरूरत है।

# हॉकी टूर्नामेंट में भारतीय पुरुष और महिला टीम बेल्जियम से हारी



**वालेंसिया (एजेंसी)।** भारतीय महिला और पुरुष हॉकी टीम को पांच देशों के टूर्नामेंट में बेल्जियम से हार का सामना करना पड़ा है। महिला टीम को शनिवार को बेल्जियम से 1-2 से हार का सामना करना पड़ा।

भारत की ओर एकमात्र गोल वैष्णवी विट्ठल फाल्के ने 56वें मिनट में किया। वहीं बेल्जियम ने एम्ब्रे बैलेन्घिएन ने 22वें और लुईस वर्सावेल ने 37वें मिनट के गोल दाग कर मुकाबला जीत लिया। भारतीय महिला हॉकी टीम का अगला मुकाबला 19 दिसंबर को जर्मनी से होगा। वहीं पुरुष टीम को भी अपने दूसरे मैच में बेल्जियम से 2-7 से हार का सामना करना पड़ा। भारत की ओर से अभिषेक और जुगराज सिंह गोल किए।

पहले क्वार्टर में बेल्जियम के सेड्रिक चार्लियर ने पहले मिनट, एलेक्जेंडर हेंड्रिक्स ने 10 वें मिनट और थिब्यू स्टॉकब्रोएक्स ने 13 मिनट में गोल किए। इसके बाद दूसरे क्वार्टर में थिब्यू स्टॉकब्रोएक्स ने 16वें मिनट में टॉम बून ने 26 वें मिनट में तथा चौथे क्वार्टर में टॉम बून ने 46वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील कर दिया। इसके बाद अलेक्जेंडर हेंड्रिक्स ने 53वें मिनट में गोल दाग कर स्कोर 2-7 कर दिया। भारतीय पुरुष हॉकी टीम 19 दिसंबर को जर्मनी से मुकाबला करेगी।

# तीरंदाज ज्योति सुरेखा हुई निराश...मेजर ध्यानचंद खेल रत्न अवॉर्ड में नाम नहीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विश्व की नंबर 1 मिश्रित और टीम दोनों में प्रथम कंपाउंड तीरंदाज ज्योति सुरेखा वेन्नम ने हांगझोउ में एशियाई खेलों में बेहतरीन प्रदर्शन के बावजूद मेजर ध्यानचंद खेल रत्न अवॉर्ड के लिए नजरअंदाज करने पर निराशा व्यक्त की है। बैडमिंटन पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाई-राज और चिराग शेट्टी का नाम खेल रत्न के लिए 12 सदस्यीय अवॉर्ड चयन समिति द्वारा दिया गया है। पिछले 6 महीनों में, सुरेखा ने कुल 13 इंटरनेशनल मेडल जीते हैं, जोकि कुछ इस प्रकार हैं, एशियाड में तीन स्वर्ण (व्यक्तिगत, टीम और मिश्रित टीम), विश्व चैंपियनशिप में एक स्वर्ण और रजत, विश्व कप में चार स्वर्ण और दो कांस्य और एशियाई चैंपियनशिप में एक स्वर्ण और रजत पदक। सुरेखा को सात विश्व चैंपियनशिप मेडल और तीन एशियाड स्वर्ण पदक मिले। उन्होंने 27 वर्ष की आयु तक 53 इंटरनेशनल और 62 राष्ट्रीय पदक जीते हैं।

सुरेखा ने कहा, मेरे पास कुल 148.74 अंक हैं, जो सभी आवेदकों में सबसे अधिक हैं और सातविक और चिराग को दिए गए अंकों से कहीं अधिक हैं। एशियाड में दोहरे स्वर्ण पदक से मैंने 30 अंक अर्जित किए और मिश्रित टीम से एक महिला टीम स्वर्ण, मुझे क्रमशः 22 और 20 अंक मिले। उन्होंने आगे कहा, उन्होंने 2023 विश्व चैंपियनशिप महिला टीम गोल्ड से 13.33 अंक और उसी समय हासिल किए गए व्यक्तिगत ब्रॉन्ज से 10 अंक अर्जित किए। फिर 2021 विश्व चैंपियनशिप में, मुझे व्यक्तिगत सिल्वर में 15 अंक मिले, 11.25 मिश्रित टीम सिल्वर और टीम सिल्वर के लिए 10 अंक मिले। 2019 विश्व कप में मुझे व्यक्तिगत कांस्य के लिए 10 अंक और टीम कांस्य के लिए 6.66 अंक मिले। ये सभी उपलब्धियां चार साल के अवॉर्ड चक्र में आई हैं, और कुल 148.74 अंकों की गिनती हुई है। उन्होंने कहा, मैं इस लापरवाही से बहुत निराश हूं। मेरा मानना है कि मेरी उपलब्धियां मेरे लिए बोलती हैं।

# ल्यूटन के कप्तान लॉकयर को मैदान पर पड़ा दिल का दौरा, मैच रद्द



लंदन। ल्यूटन के कप्तान टॉम लॉकयर इस साल दूसरी बार दिल का दौरा पड़ने के कारण मैदान पर गिर पड़े जिसके कारण बोर्नमाउथ में खेला जा रहा इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल प्रतियोगिता का मैच रद्द करना पड़ा। ल्यूटन ने बताया कि लॉकयर को तुरंत ही अस्पताल ले जाया गया जहां उनकी स्थिति स्थिर बनी हुई है। उनका परिवार उनके साथ है। वेल्स का यह डिफेंडर मैच के 59वें मिनट मैदान पर गिर पड़ा था। दोनों टीम के खिलाड़ी तुरंत ही उनके पास पहुंचे। ल्यूटन के कोच रॉब एडवर्डस भी तुरंत मैदान में चले गए। वह काफी परेशान दिख रहे थे। इस 29 वर्षीय खिलाड़ी को मैदान पर ही उपचार दिया गया और बाद में उन्हें स्ट्रेचर पर बाहर ले जाया गया। तब तक उनकी स्थिति में थोड़ा सुधार हो गया था। उस समय मैच 1-1 से बराबरी पर था और रेफरी साइमन हूपर ने मैच को रद्द करने का फैसला किया। मैच रद्द किए जाने के बाद भी दर्शक स्टेडियम में मौजूद रहे। वे लॉकयर के समर्थन में नारे लगा रहे थे। ल्यूटन ने बयान में कहा, 'दोनों टीम के प्रशंसकों के प्रति हमें खेद है लेकिन अपने साथी और मित्र के इस तरह से मैदान छोड़ने के बाद दोनों टीम के खिलाड़ी खेल आगे जारी रखने की स्थिति में नहीं थे।' लॉकयर इससे पहले मई में वेम्बले स्टेडियम में खेले जा रहे एक मैच के दौरान नीचे गिर पड़े थे। उनके दिल का ऑपरेशन किया गया और बाद में उन्हें खेलना जारी रखने की अनुमति मिल गई थी। इस बीच मैनचेस्टर सिटी ने दो गोल की बढ़त के बावजूद क्रिस्टल पैलेस के खिलाफ मैच 2-2 से ड्रॉ खेला और इस तरह से दो महत्वपूर्ण अंक गंवाए। सिटी का यह अपने घरेलू मैदान पर लगातार तीसरा मैच था जिसमें उसने अंक बांटे। अन्य मैचों में न्यूकासल ने फुलहम को 3-0 से और चेल्सी ने शैफील्ड यूनाइटेड को 2-0 से हराया।

# लियोन के टेस्ट में 500 विकेट, ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान को 360 रन से हराया

**पर्थ (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया ने पहले टेस्ट क्रिकेट मैच के चौथे दिन रविवार को यहां पर्थ की खतरनाक पिच पर पाकिस्तान को 360 रन से हरा दिया जिसमें नाथन लियोन ने 500 टेस्ट विकेट की उपलब्धि अपने नाम की।

पाकिस्तान की दूसरी पारी चौथे दिन के अंतिम सत्र में 89 रन में सिमट गयी जिससे उसे ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट में लगातार 15वीं शिकस्त झेलनी पड़ी। मेजबान टीम ने लंच के आधे घंटे बाद पांच विकेट पर 233 पर दूसरी पारी घोषित कर पाकिस्तान को जीत के लिए 450 रन का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य दिया। लेकिन उछाल भरी पिच पर ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क, जोश हेजलवुड और कप्तान पैट कमिंस के सामने पाकिस्तान का शीर्ष क्रम चरमरा गया। इस दौरान पाकिस्तान के कई बल्लेबाजों को गेंद भी लगी।

हेजलवुड (13 रन देकर तीन विकेट) और स्टार्क (31 रन देकर तीन विकेट) ने मिलकर छह विकेट झटके जबकि कमिंस ने पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम (14 रन) को आउट किया जो उनकी गेंद पर बल्ला छुआकर विकेटकीपर को कैच दे बैठे। आस्ट्रेलिया की तेज तर्रार गेंदबाजी का मेहमान टीम के बल्लेबाजों के पास कोई जवाब नहीं था। लियोन ने फहीम अशरफ को पगबाधा के रैफरल में सफलता हासिल कर अपने 500वें विकेट की उपलब्धि हासिल की जिसके बाद सभी खिलाड़ियों ने उन्हें गले लगा लिया।

वह शेन वॉर्न और ग्लेन मैकग्रा के बाद आठ खिलाड़ियों के इस 'एक्सक्लूसिव क्लब% में शामिल होने वाले तीसरे आस्ट्रेलियाई गेंदबाज बन गये हैं। लियोन ने फिर इसी ओवर में आमेर जमाल को आउट किया जो पाकिस्तान का आठवां विकेट था। इस तरह उन्होंने 18 रन देकर दो विकेट झटके। पाकिस्तान ने पहले सात ओवर में 17 रन के अंदर तीन विकेट गंवा दिये थे। सलामी बल्लेबाज अब्दुल्ला शफीक पहले ओवर में स्टार्क की खूबसूरत गेंद पर विकेटकीपर के हाथों कैच आउट हुए जिससे बायें हाथ के इस तेज गेंदबाज ने अपने घरेलू मैदान पर 200वां टेस्ट विकेट हासिल किया।

कप्तान शान मसूद दो रन बनाकर हेजलवुड का शिकार हुए जबकि इमाम उल हक को स्टार्क ने एक और खूबसूरत गेंद पर पगबाधा आउट किया। इससे पहले उस्मान ख्वाजा अपने शतक से चूक गये, उन्होंने 90 रन बनाये। ऑस्ट्रेलिया लंच के बाद तेजी से रन जोड़ने की कोशिश में जुटा था। बायें हाथ के बल्लेबाज ख्वाजा (नौ चौके) और मिचेल मार्श (नाबाद 63 रन) ने 126 रन की भागीदारी निभायी। मार्श ने अपने घरेलू मैदान पर लगातार दूसरा अर्धशतक जड़ा।

ऑस्ट्रेलिया ने सुबह दो विकेट पर 84 रन से आगे खेलना शुरू किया तथा पहले घंटे में ही स्टीव स्मिथ (45) और ट्रेविस हेड (14) के विकेट गंवा दिए। पाकिस्तान के तेज गेंदबाज पूरी तरह से हावी थे लेकिन ख्वाजा और मार्श ने उनका डटकर सामना किया। ख्वाजा ने 151 गेंद पर अपना अर्धशतक पूरा किया जबकि मार्श ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 68 गेंद में सात चौके और दो छक्के से नाबाद 63 रन बनाए।

अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे तेज गेंदबाज खुर्रम शहजाद ने स्मिथ को पगबाधा आउट करके पाकिस्तान को दिन की पहली सफलता दिलाई जिससे ऑस्ट्रेलिया का स्कोर




तीन विकेट पर 87 रन हो गया। यह मैच में दूसरा अवसर था जबकि शहजाद ने स्मिथ को आउट किया। शहजाद की तरह अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे आमिर जमाल (28 रन देकर एक विकेट) ने भी हेड को लगातार दूसरी पारी में आउट किया।

वनडे विश्व कप के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया की जीत के नायक रहे हेड ने मिड ऑफ पर इमाम उल हक को कैच दिया। जमाल ने पहली पारी में 111 रन देकर 6 विकेट लिए थे। तीन मैचों की श्रृंखला का दूसरा टेस्ट मेलबर्न में 'बॉक्सिंग डे' को शुरू होगा जबकि तीसरा टेस्ट सिडनी में तीन से सात जनवरी को होगा।

# बाबर आजम ने रचा इतिहास, 13 हजार रन बनाने वाले बैटर बने

नई दिल्ली। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व टेस्ट कप्तान बाबर आजम ने 13 हजार रन बनाकर इतिहास रच दिया है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में खेले जा रहे पर्थ मुकाबले में पहली पारी के दौरान खास कीर्तिमान बनाया। कंगारू टीम के खिलाफ पाक बल्लेबाजों ने भले ही घुटने टेक दिए और उनके हाथ से मैच पूरी तरह से निकला दिख रहा हो लेकिन बाबर ने पूर्व कप्तान को तेज रन बनाने के मामले में पीछे छोड़ा। अब यह बैटर पाकिस्तान का सबसे तेज 13 हजार रन बनाने वाले बैटर बन चुका है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पाकिस्तान की टीम तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले में खेलने उतरी है। गेंदबाजों की खस्ता हाल के बाद बल्लेबाजों ने भी पर्थ टेस्ट में घुटने टेक दिए। पहली पारी में ऑस्ट्रेलिया के 487 रन के जवाब में पूरी टीम महज 271 रन पर ही सिमट गई। भले ही मेजबान टीम ने फॉलोऑन ना देकर दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने का फैसला लिया लेकिन अपनी बढ़त को तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक 300 रन तक पहुंचा दिया। पर्थ टेस्ट मैच के तीसरे दिन बाबर आजम महज 21 रन की पारी खेलकर वापस लौट गए। हालांकि इस पारी के दौरान ही उन्होंने एक खास रिकॉर्ड बनाया। वह इंटरनेशनल क्रिकेट में 13 हजार रन पूरा करने वाले पाकिस्तान के 5वें बैटर बन गए हैं। उन्होंने इस आंकड़े को सबसे तेज छूकर पूर्व कप्तान जावेद मियांदाद को पीछे छोड़ा। पाकिस्तान की तरफ से इंजमाम उल हक, यूनिस खान, मोहम्मद यूसुफ, जावेद मियांदाद ने 13 हजार से ज्यादा इंटरनेशनल रन बनाए थे। हालांकि पाकिस्तान की तरफ से सबसे तेज 13 हजार रन तक पहुंचने का कीर्तिमान जावेद मियांदाद के नाम दर्ज था।

# मार्गशीर्ष पूर्णिमा पर बना विशेष योग

## स्नान और दान करने से होगी हर मनोकामना पूरी

**मार्गशीर्ष माह की पूर्णिमा तिथि इस साल 2023 की आखिरी पूर्णिमा है। हिन्दू धर्म में मार्गशीर्ष पूर्णिमा के दिन पवित्र नदियों में स्नान और दान करने का बहुत महत्व है। ऐसा करने से लोगों को पुण्य की प्राप्ति होती है और सभी पाप मिट जाते हैं। मार्गशीर्ष पूर्णिमा के दिन लोग व्रत भी रखते हैं, सत्यनारायण भगवान, श्रीहरि विष्णु, माता लक्ष्मी और चंद्रमा की पूजा की जाती है।**

मार्गशीर्ष पूर्णिमा पर इस साल 2023 में विशेष योग बन रहा है। इस योग में स्नान और दान करने से लोगों की हर मनोकामनाएं पूरी होगी और जीवन में आने वाली परेशानियों से छुटकारा मिलेगा। इसके अलावा आपके घर में सुख समृद्धि बनी रहेगी। मार्गशीर्ष माह की पूर्णिमा तिथि इस साल 2023 की आखिरी पूर्णिमा है। हिन्दू धर्म में मार्गशीर्ष पूर्णिमा के दिन पवित्र नदियों में स्नान और दान करने का बहुत महत्व है। ऐसा करने से लोगों को पुण्य की प्राप्ति होती है और सभी पाप मिट जाते हैं। मार्गशीर्ष पूर्णिमा के दिन लोग व्रत भी रखते हैं, सत्यनारायण भगवान, श्रीहरि विष्णु, माता लक्ष्मी और चंद्रमा की पूजा की जाती है।



वैदिक पंचांग के अनुसार, इस साल मार्गशीर्ष माह में पूर्णिमा तिथि 26 दिसंबर दिन मंगलवार को सुबह 5.46 मिनट पर शुरू होगी। यह तिथि अगले दिन 27 दिसंबर दिन बुधवार को सुबह 6.02 मिनट तक मान्य है। उदयातिथि और चंद्रोदय समय के आधार पर मार्गशीर्ष पूर्णिमा 26 दिसंबर दिन मंगलवार को है। उस दिन ही मार्गशीर्ष पूर्णिमा का व्रत और स्नान करना शुभ रहेगा।

राजेन्द्र तिवारी का कहना है कि 26 दिसंबर को मार्गशीर्ष पूर्णिमा के दिन स्नान और दान का कार्यक्रम ब्रहम मुहूर्त से प्रारंभ हो जाएगा। उस दिन ब्रहम मुहूर्त सुबह 5.22 मिनट से सुबह 6.17 मिनट तक रहेगा। इस समय के अलावा आप सुबह 9.47 बजे से दोपहर 1.39 बजे के मध्य भी स्नान, दान और पूजा पाठ कर सकते हैं।

चंद्रोदय का शुभ समय

मार्गशीर्ष पूर्णिमा के दिन चंद्रोदय का समय शाम 4.45 मिनट पर है। उस समय से आप चंद्रमा की पूजा करें और अर्घ्य दें। पूर्णिमा को चंद्रमा की पूजा करने से कुंडली में चंद्र की स्थिति मजबूत होती है। इसके फलस्वरूप मन स्थिर रहता है। मार्गशीर्ष पूर्णिमा को सूर्योदय प्रात: 7.12 मिनट पर होगा। मार्गशीर्ष पूर्णिमा पर स्वर्ग की भद्रा भी है। भद्रा का समय सुबह 7.12 मिनट से शाम 5.51 मिनट तक रहेगा। स्वर्ग की भद्रा का प्रभाव धरती पर नहीं होता है। मार्गशीर्ष पूर्णिमा के दिन शुक्ल योग और मृगशिरा नक्षत्र है। शुक्ल योग प्रात.काल से लेकर 27 दिसंबर को प्रात। 3.22 बजे तक है। उसके बाद से ब्रहम योग प्रारंभ हो जाएगा। मार्गशीर्ष पूर्णिमा को प्रात.काल से मृगशिरा नक्षत्र शुरू है, जो रात 10.21 मिनट तक है, उसके बाद से आर्द्रा नक्षत्र है।

### मार्गशीर्ष पूर्णिमा का महत्व

मार्गशीर्ष पूर्णिमा को भगवान दत्तात्रेय की जयंती और अन्नपूर्णा जयंती मनाई जाती है। भगवान दत्तात्रेय त्रिदेव ब्रहमा, विष्णु और महेश के अंश माने जाते हैं। वहीं मार्गशीर्ष पूर्णिमा को माता पार्वती मां अन्नपूर्णा के रूप में प्रकट हुई थीं। उनके आशीर्वाद से संसार का भरण-पोषण होता है। मार्गशीर्ष पूर्णिमा पर मां अन्नपूर्णा की पूजा करने से धन-धान्य बढ़ता है और घर में जीवन भर सुख समृद्धि बनी रहती है। इसके अलावा किसी को कोई प्रकार का कष्ट नहीं होता है।

# प्रदोष काल में ये 5 काम करेंगे तो सभी तरह के संकट हो जाएंगे दूर

**शास्त्रानुसार प्रदोषकाल सूर्यास्त से 2 घड़ी ( 48 मिनट ) तक रहता है। कुछ विद्वान मतांतर से इसे सूर्यास्त से 2 घड़ी पूर्व व सूर्यास्त से 2 घड़ी पश्चात् तक भी मान्यता देते हैं। इसी के साथ संधिकाल प्रारंभ होता है। संधिकाल में कुछ ऐसा कार्य हैं जिन्हें बिल्कुल भी नहीं करना चाहिए और 5 ऐसे कार्य है जिन्हें जरूर करना चाहिए।**

यदि आपको किसी अमंगल से बचना हो तो शिवजी के प्रदोष काल को जानना जरूरी है। शास्त्रानुसार प्रदोषकाल सूर्यास्त से 2 घड़ी (48 मिनट) तक रहता है। कुछ विद्वान मतांतर से इसे सूर्यास्त से 2 घड़ी पूर्व



व सूर्यास्त से 2 घड़ी पश्चात् तक भी मान्यता देते हैं।इसी के साथ संधिकाल प्रारंभ होता है।संधिकाल में कुछ ऐसा कार्य हैं जिन्हें बिल्कुल भी नहीं करना चाहिए और 5 ऐसे कार्य है जिन्हें जरूर करना चाहिए।

**शिव का समय:** सूर्यास्त से दिन अस्त तक का समय भगवान ''शिव'' का समय होता है जबकि वे अपने तीसरे नेत्र से त्रिलोक्य (तीनों लोक) को देख रहे होते हैं और वे अपने नंदी गणों के साथ भ्रमण कर रहे होते हैं।

इस काल में भूतों के स्वामी भगवान रुद्र का जो अपराधी होता है कठोर दंड पाता है। इस काल को धरधरी का काल कहते हैं जबकि राक्षसादि प्रेत योनि की आत्माएं सक्रिय रहती है। इस समय जो पिशाचों जैसा आचरण करते हैं, वे नरकगामी होते हैं।

### ये कार्य बिल्कुल न करें:-

1. सोना, 2. सहवास करना, 3. खाना-पीना, 4. यात्रा करना, 5. असत्य बोलना, 6. क्रोध करना, 7. शाप देना, 8. झगड़े करना, 9. गालियां देना या अभद्र बोलना, 10. शपथ लेना, 11. धन लेना या देना, 12. रोना या जोर-जोर से हंसना, 13. वेद मंत्रों का पाठ करना, 14. कोई शुभ कार्य करना, 15. चौखट पर खड़े होना, 16. किसी भी प्रकार का शोर-शराब करना।

### इस काल में 5 कार्य जरूर करें.-

**1. संध्या वंदन करें :** इस काल में संध्या वंदन नहीं कर सकते हैं तो जप, पूजा-पाठ, प्रार्थना या ध्यान करें। इस काल में की गई प्रार्थना का असर जल्द होता है।

**2. मौन रहें:** यदि कुछ भी नहीं कर सकते हैं तो इस काल में मौन रहना सबसे उत्तम माना गया है। ऐसा करने वाले सभी तरह के संकटों से स्वत। ही बच जाते हैं।

**3. सुगंध फैलाएं:** घर के वातावरण को सुगंधित करने के लिए सुगंध फैलाएं। धूपबत्ती जलाएं या कर्पूल प्रज्वलित करें।

**4. भजन सुनें :** इस काल में भगवान के भजन सुनें। यह आपके मस्तिष्क को सकारात्मक दिशा प्रदान करेगा।

**5. अच्छी बातों पर विचार करें:** यह बहुत महत्वपूर्ण काल रहता है। इस काल में हमारे द्वारा सोची गई बात का असर होता है। इसलिए सकारात्मक सोचें।

# वर्ष 2024 की सभी 12 संक्रांतियों की लिस्ट

वर्ष 2024 प्रारंभ होने वाला है और यदि आप संक्रांति के दिन उपवास रखते हैं तो यहां जानिएवर्ष की सभी 12 संक्रांतियों की तारीखें। उल्लेखनीय है कि सूर्य के एक राशि से दूसरी राशि में जाने को या गोचर को संक्रंति कहते हैं। मकर, मेष, मिथुन, धनु और कर्क संक्रांति ज्यादा महत्व माना गया है। निम्नलिखित जानकारी पंचांग पर आधारित है। पंचांग भेद से तिथि के समय में परिवर्तन होता भी है।


### मुख्य 12 संक्रांतियां :

**15 जनवरी : मकर संक्रांति**
**13 फरवरी : कुंभ संक्रांति**
**14 मार्च : मीन संक्रांति**
**13 अप्रैल : मेष संक्रांति**
**14 मई : वृषभ संक्रांति**
**15 जून : मिथुन संक्रांति**
**16 जुलाई : कर्क संक्रांति**
**17 अगस्त : सिंह संक्रांति**
**17 सितंबर : कन्या संक्रांति**
**17 अक्टूबर : तुला संक्रांति**
**16 नवंबर : वृश्चिक संक्रांति**
**16 दिसंबर : धनु संक्रांति**

## विदुर नीति...

# व्यक्ति की 5 आदतें जीवन को अंधकार बना देती है

भारत में कई महान नीतिज्ञ हुए। जैसे भीष्म, विदुर, मनु, चर्वाक, शुक्राचार्य, बृहस्पति, परशुराम, गर्ग, चाणक्य, भर्तृहरि, हर्षवर्धन, बाणभट्ट आदि अनेकों नीतिज्ञ हुए हैं। इन्हें में एक थे महात्मा विदुर। विदुर धृतराष्ट्र के सौतेले भाई थे जो एक दासी के पुत्र थे। आओ जानते हैं कि विदुरजी ने कौनसी 5 ऐसी आदतों का जिक्र



किया है जिसके चलते जीवन अंधकार में हो जाता है।

- **1. क्रोध :** महात्मा विदुर कहते हैं कि क्रोध यानी गुस्सा इंसान का शत्रु होता है। काम, क्रोध और लोभ यह तीन प्रकार के नरक यानी दुखों की ओर जाने के मार्ग है। यह तीनों आत्मा का नाश करने वाले हैं, इसलिए इनसे हमेशा दूर रहना चाहिए।
- **2. ईर्ष्या :** ईर्ष्या, दूसरों से घृणा करने वाला, असंतुष्ट, क्रोध करने वाला, शंकालु और पराश्रित (दूसरों पर आश्रित रहने वाले) इन छह प्रकार के व्यक्ति सदा दुखी रहते हैं। यह जीवन को अंधकारमय बना देते हैं। इसीलिए ईर्ष्या करने के बजाया स्वस्थ सकारात्मक प्रेरणा लेकर प्रतियोगिता करें। असंतुष्ट रहने के बजाय संतोष किससे प्राप्त होगा उसके लिए प्रयास करें। क्रोधित रहने और शंकालु बने रहने से हमारे सभी तरह के संबंध टूट जाते हैं। अत। प्रेम और विश्वास करना सीखें। किस के प्रति आसक्ति नहीं रखें। प्रत्येक व्यक्ति को उसके तरीके से स्वतंत्र रहने दें।
- **3. विश्वास करना :** जो विश्वास का पात्र नहीं है, उसका तो कभी विश्वास किया ही नहीं जाना चाहिए। पर जो विश्वास के योग्य है, उस पर भी अधिक विश्वास नहीं किया जाना चाहिए। विश्वास से जो भय उत्पन्न होता है, वह मूल उद्देश्य का भी नाश कर डालता है। हालांकि महात्मा विदुर यह भी कहते हैं कि जो पुरुष अच्छे कर्मों और पुरुषों में विश्वास नहीं रखता, गुरुजनों में भी स्वभाव से ही शंकित रहता है। किसी का विश्वास नहीं करता, मित्रों का परित्याग करता है...वह पुरुष निश्चय ही अधर्मी होता है।
- **4. खुद की प्रशंसा करना :** यह सही है कि हर कोई खुद की प्रशंसा करता है या करना चाहता है, परंतु यदि वह हमेशा ही ऐसा करते हुए दूसरों की निंदा भी करता है तो वह खुशहाल जीवन नहीं जी सकता। वह धीरे धीरे अंधकार में चला जाएगा
- **5. मूर्खता :** मूढ़ चित वाला नीच व्यक्ति बिना बुलाए ही अंदर चला आता है, बिना पूछे ही बोलने लगता है तथा जो विश्वास करने योग्य नहीं हैं उन पर भी विश्वास कर लेता है।..। महात्मा विदुर कहते हैं कि व्यक्ति की यह आदत उसका जीवन बर्बाद कर देती हैं।

# शादी में क्यों निभाई जाती है कन्यादान की रस्म...

**कन्यादान का अर्थ होता है कन्या का दान देना। सभी दानों में से यह दान सबसे बड़ा दान माना जाता है। इस रस्म के तहत हर पिता अपनी बेटी का हाथ वर के हाथ में सौंपता है जिसके बाद कन्या की सारी जिम्मेदारियां वर को निभानी होती हैं। कन्या दान एक ऐसी रस्म है जो कि पिता और बेटी के भावनात्मक रिश्ते को दर्शाती है।**



हिंदू शादी की सभी रस्मों और रिवाजों में से कन्यादान को सबसे अधिक महत्व दिया गया है। कन्यादान की रस्म प्राचीनकाल से चली आ रही है। हिंदू धर्म में विवाह के दौरान बहुत सी रस्में निभाई जाती हैं जिनकी अपनी अलग मान्यता है। कहा जाता है कि जब तक सभी रस्में पूरी नहीं हो जाती तब तक कन्या और वर को पति-पत्नी का अधिकार प्राप्त नहीं होता है। हिंदू धर्म में शादी की हर रस्म और रिवाज का अपना महत्व होता है लेकिन इन सभी रस्मों में से कन्यादान की रस्म काफी महत्वपूर्ण होती है। कन्यादान का अर्थ होता है कन्या का दान देना। सभी दानों में से यह दान सबसे बड़ा दान माना जाता है। इस रस्म के तहत हर पिता अपनी बेटी का हाथ वर के हाथ में सौंपता है जिसके बाद कन्या की सारी जिम्मेदारियां वर को निभानी होती हैं। कन्या दान एक ऐसी रस्म है जो कि पिता और बेटी के भावनात्मक रिश्ते को दर्शाती है।

### वर को भगवान विष्णु और वधु को मां लक्ष्मी का दर्जा

विवाह में वर को भगवान विष्णु और वधु को मां लक्ष्मी का दर्जा दिया गया है। वहीं, मान्यताओं के मुताबिक विष्णु रूपी वर की बात करें तो विवाह के समय वर कन्या के पिता को यह आश्वासन देता है कि वो उम्र भर उनकी बेटी को खुश रखेगा और उसे कभी भी कोई विपदा नहीं आने देगा। इतना ही नहीं, दोनों एक दूसरे के परिवार की जिम्मेदारी को निभाने में एक दूसरे का साथ देंगे।

हिंदू धर्म में कन्या दान को महादान माना गया है। ऐसे में जिन माता पिता को कन्यादान करने का मौका प्राप्त होता है, वो काफी सौभाग्यशाली होते हैं। ऐसा माना जाता है कि जो माता पिता कन्यादान करते हैं, उनके लिए इससे बड़ा पुण्य कुछ नहीं है। यह दान उनके लिए मोक्ष की प्राप्ति के द्वार खोलता है।

### कन्यादान की रस्म

पौराणिक कथा की मानें तो दक्ष प्रजापति ने अपनी कन्याओं का विवाह करने के बाद कन्यादान किया था। ब्रहमांड के 27 नक्षत्रों को प्रजापति की पुत्रियां कहा गया है, जिनका विवाह चंद्रमा से हुआ था। इन्होंने ही सबसे पहले अनी कन्याओं को चंद्रमा को सौंपा था ताकि सृष्टि का संचालन आगे बढ़े और संस्कृति का विकास हो.

### कन्यादान का महत्व

हिंदू धर्म ग्रंथों के मुताबिक, कन्यादान को महादान की श्रेणी में रखा गया है। क्योंकि इससे बड़ा दान कोई नहीं हो सकता। शास्त्रों में कहा गया है कि जब पूरे विधि विधान के साथ कन्या के माता पिता कन्यादान करते हैं तो इससे उनके परिवार को भी सौभाग्य की प्राप्ति होती है। यही नहीं, इसका रिवाज उत्तर भारत के कई राज्यों में है। वहां पर कन्या की हथेली को एक कलश के ऊपर रखा जाता है और फिर वधु की हथेली पर वर अपना हाथ रखता है। इसके बाद उसपर पुष्प, गंगाजल और पान के पत्ते रखकर मंत्र पढ़े जाते हैं। फिर पवित्र वस्त्र से वर वधु का गठबंधन किया जाता है। इसके बाद सात फेरों की रस्म होती है जिसके बाद कन्यादान की रस्म पूरी की जाती है।

# दुल्हन को क्यों लगाते हैं पीला सिंदूर...

**शादी का बंधन बहुत ही पवित्र माना जाता है, जिसमें तमाम रंगों का इस्तेमाल किया जाता है लेकिन, शादी के इस उत्सव को खास बनाने के लिए लाल और पीले रंग की महत्ता अधिक है। धर्म ग्रंथों में नारंगी या पीले रंग के बारे में अलग से वर्णन किया गया है।**

हिंदू धर्म में महिलाओं के लाल सिंदूर लगाने की प्रथा सदियों से चली आ रही है। रामायण महाभारत में भी इसका जिक्र किया गया है। लेकिन देश के कुछ राज्यों में शादी के वक्त दुल्हन को पीला या नारंगी रंग का सिंदूर लगाया जाता है। हिंदू धर्म कोई भी शादी बिना सिंदूर लगाए अधूरी मानी जाती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, शादी को सफल करने के लिए मांग में सिंदूर भरना काफी महत्वपूर्ण माना जाता है। सुहागिन की मांग का प्रतीक सिंदूर माना जाता है।



शादी का बंधन बहुत ही पवित्र माना जाता है, जिसमें तमाम रंगों का इस्तेमाल किया जाता है लेकिन, शादी के इस उत्सव को खास बनाने के लिए लाल और पीले रंग की महत्ता अधिक है। धर्म ग्रंथों में नारंगी या पीले रंग के बारे में अलग से वर्णन किया गया है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, जब हनुमान जी को पता चला कि भगवान श्री राम माता सीता द्वारा सिंदूर लगाने से प्रसन्न होते हैं तो उन्होंने अपने पूरे शरीर को नारंगी सिंदूर से रंग लिया।

### पीले सिंदूर का धार्मिक महत्व

पीले रंग का संबंध नवग्रह गुरू ग्रह और भगवान विष्णु से माना गया है। पीले रंग का सिंदूर जीवन की रोशनी को दर्शाता है। किसी भी धार्मिक कार्य में पीला रंग पहनने और पीले रंग का इस्तेमाल करने से शुभ फलों की प्राप्ति होती है। दूल्हे द्वारा दुल्हन की मांग में सिंदूर लगाने से सौभाग्य बढ़ता है और इसके कई प्रतीकात्मक भी अर्थ है। ज्योतिष शास्त्रों के मुताबिक, पीला रंग जीवन से बुरी शक्तियों को दूर करता है और इस रंग का सिंदूर लगाने से सुहाग के स्वास्थ्य की रक्षा होती है।

### क्यों लगाया जाता है पीला सिंदूर?

शादी में सिंदूर दान के समय इस सिंदूर का प्रयोग पति- पत्नि में एक दूसरे के प्रति समर्पण दिखाने के लिए किया जाता है। दूसरी ओर, यह भी एक मान्यता है कि शादी विवाह के खत्म होते होते सुबह होने लगती है और शादी के इस सिंदूर की तुलना सूर्योदय के समय होने वाली हल्के पीले या नारंग रंग की लालीमा से की जाती है। इसलिए शादी विवाह में अक्सर इस रंग का सिंदूर लगाया जाता है। साथ ही जिस तरह सूर्य की किरणें हर दिन लोगों के जीवन में नई सुबह, दिव्य ऊर्जा और खुशहाली लेकर आती है उसी तरह यह सिंदूर दुल्हन की जिंदगी में नया सवेरा और सौभाग्य लेकर आएगा। सत्यनारायण भगवान विष्णु जी को पीला रंग अति प्रिय माना गया है। हिंदू धर्म में किसी भी शुभ और मांगलिक कार्यों में भगवान विष्णु जी की पूजा की जाती है, इसलिए शादी विवाह जैसे शुभ अवसर पर लोग अक्सर पीले रंग के सिंदूर का इस्तेमाल करते हैं।

पीले रंग का सिंदूर लगाने से वर वधु पर विष्णु जी कृपा बनी रहती है और साथ ही वैवाहिक जीवन में सुख सौख्य बना रहता है।

# मां श्रीदेवी के लिए इमोशनल हुईं जान्हवी



जान्हवी कपूर ने हाल ही में एक खुलासा किया है। इंटरव्यू के दौरान उन्होंने अपनी मां और दिवंगत एक्ट्रेस श्रीदेवी के बारे में बातचीत की। जान्हवी से पूछा गया कि क्या उन्होंने कभी शीशे के सामने खड़े होकर अपनी मां के डायलॉग्स बोले हैं? क्या कभी खुद की तुलना श्रीदेवी से की है? इस सवाल पर जान्हवी कपूर इमोशनल हो गईं। उनकी आंखों में आंसू आ गए। सवाल के जवाब में जान्हवी ने कहा- नहीं, मैं मम्मा के डायलॉग्स को रीक्रिएट नहीं करती। जब वे जीवित थीं, उन्हें खुद की फिल्में देखना पसंद नहीं था। उनके निधन के बाद मेरे लिए यह और भी मुश्किल हो गया कि एक एक्टर के तौर पर मैं उनके काम का निष्पक्षता से अध्ययन कर सकूं। मुझे पता है यह कुछ ऐसा है जो आज हर एक्टर करता है, खासतौर से जब मम्मा के काम की बात आती है। लेकिन मैं ऐसा नहीं कर सकती।

### अब ज्यादा दबाव महसूस नहीं होता

जान्हवी कपूर जल्द ही एनटीआर 30 में जूनियर एनटीआर के साथ साउथ फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू करंगी। कोराताला शिवा की डायरेक्शन में बनी यह फिल्म अगले साल 5 अप्रैल को रिलीज होगी। जान्हवी ने आगे कहा- अब जब मैं साउथ इंडस्ट्री में डेब्यू कर रही हूं, तो मैंने मां की पुरानी फिल्में देखना शुरू कर दिया है। हालांकि मैंने कभी भी उनका कोई डायलॉग बोलने की कोशिश नहीं की है। आजतक के साथ बातचीत के दौरान जान्हवी से पूछा गया कि चूंकि वे बॉलीवुड परिवार से आती हैं और उनकी मां इतनी बड़ी सेलिब्रिटी रही हैं, ऐसे में क्या उन्हें प्रेशर महसूस होता है? क्या ऐसा लगता है कि लोग उनके काम को काफी जज करते हैं? इस बात पर जान्हवी कपूर ने बताया कि हर स्थिति के दो पहलू होते हैं। जो लोग स्टार किड्स नहीं हैं और बाहर से आते हैं उनके लिए पहला मौका पाना बहुत मुश्किल होता है। बाहर से आए हुए लोगों के लिए चुनौतियां अनोखी हैं क्योंकि वे नहीं जानते कि कहां जाना है या किससे मिलना है। ये सच है कि मुझे उस संघर्ष का सामना नहीं करना पड़ा। मैं बस इस बात से खुश हूं कि मुझे काम करने का मौका मिला। मुझे अब ज्यादा दबाव महसूस नहीं होता।

### मेनिफेस्टेशन टेक्निक में यकीन करती हैं जान्हवी

फिल्म एनटीआर 30 में जान्हवी कपूर के साथ एनटीआर लीड रोल में हैं। ये फिल्म 5 अप्रैल 2024 को वर्ल्ड वाइड रिलीज होगी। फिल्म को एनटीआर आर्ट्स प्रोडक्शन कंपनी के हरी कृष्णा के और युवा सुधा आर्ट्स के सुधाकर मिक्किलिनेनी प्रोड्यूस कर रहे हैं। इस फिल्म की बात करते हुए जान्हवी ने कहा था कि ऐसा कोई इंटरव्यू नहीं होगा जहां मैंने ये न कहा हो कि मुझे जूनियर एनटीआर के साथ काम करना है। शायद ये पहली बार है कि मैनिफेस्ट करने की इस टेक्नीक ने मेरे लिए काम किया।



# काबिलियत की कोई उम्र नहीं होती, जिंदा रहने जोश बरकरार रखना चाहिए

**फिल्म इंडस्ट्री में चार दशक लंबा करियर एक मील का पत्थर ही कहा जाएगा, लेकिन अभिनेता अनुपम खेर अपने 39 साल लंबे ऐक्टिंग सफर को इस तरह से नहीं देखते। इन दिनों वेब सीरीज द फीलांसर-द कन्वलूजन के लिए चर्चा बटोर रहे अनुपम के मुताबिक, वे अब भी सेट पर ये सोचकर जाते हैं कि उन्हें ऐक्टिंग के बारे में कुछ नहीं पता है।**

### मैं बूढ़े इंसान को अपने भीतर नहीं आने देता

इन दिनों वेब सीरीज द फीलांसर-द कन्वलूजन के लिए चर्चा बटोर रहे अनुपम खेर कहते हैं, आप तो डरा रही हैं कि चार दशक हो गए। इससे क्या होता है? मैं बेशक बहुत खुश हूं और भगवान का शुक्रगुजार हूं कि मुझे इस इंडस्ट्री में 39 साल तक काम करने का मौका मिला। 39 साल तक यहां डटे रहने के लिए आपमें बूता होना चाहिए। लेकिन मैं ऐसे नहीं सोचता कि अरे, मैंने इतना काम कर लिया। हॉलिवुड ऐक्टर-डायरेक्टर क्लिंट ईस्टवुड से उनके एक दोस्त ने पूछा कि भई, अगले हफ्ते क्या कर रहे हो, तुम्हारा 92वां बर्थडे है तो उन्होंने कहा कि मैं पिक्चर शुरू कर रहा हूं। उसने कहा कि तुम फिल्म शुरू कर रहे हो, तुम 92 साल के होने वाले हो तो ईस्टवुड बोले, आई डोंट लेट द ओल्ड मैन इन। मैं बूढ़े आदमी को अपने भीतर आने ही नहीं देता हूं। मेरा भी यही फलसफा है। मेरा ग्राफ ये रहा है कि जब मैं 28 साल का था, तब फिल्म सारांश में 65 साल के बुजुर्ग का रोल किया था। तब मुझे लगता था कि 65 साल का बुजुर्ग ऐसा दिखता है, जैसा फिल्म में मैंने गेटअप किया है। अब मैं 68 साल का हूं पर मैं वैसा लगता ही नहीं हूं और मुझे नहीं लगता कि अगले बीस साल तक मैं वैसा लगूंगा।

### स्टीरियोटाइप्स तोड़ने की हमेशा कोशिश की है

अनुपम कलाकारों को किसी खांचे में बांधने के भी सख्त खिलाफ हैं। बकौल अनुपम, मुझे बूढ़े या उम्रदराज होने की कोई परेशानी नहीं है, लेकिन मेरा मानना है कि काम, टैलंट और कड़ी मेहनत की कोई उम्र, कोई सीमा नहीं होती। मेरी मां 87 साल की हैं, ऊपरवाले की कृपा से वो काफी ऐक्टिव हैं। मेरे फादर 84 की उम्र में 10-12 किमी चलते थे तो हमने उनसे सीखा है। मुझे अजीब लगता है कि लोग हमें क्लीशे बना देते हैं। एक खांचे में बांध देते हैं कि भई, ये तो अब बस यही रोल कर सकते हैं। क्यों? हम लव स्टोरी भी कर सकते हैं, मैं बस एक उदाहरण दे रहा हूं। असल में लोग अपनी मीडियोक्रिटी (औसत क्षमता) छिपाने के लिए ऐसा करते हैं कि दूसरों को एक खांचे में डाल देते हैं कि ये तो वर्दी में ही ठीक लगेंगे, ये ऐसे रोल में ही ठीक लगेंगे। मैंने हमेशा इसको तोड़ने की कोशिश की है। ऐक्टर के तौर पर भी, एक इंसान के तौर पर भी।

### जिंदा हैं तो जिंदगी के प्रति जोश होना ही चाहिए

इतनी लंबी ऐक्टिंग पारी और ढेर सारे रोल करने के बावजूद क्या चीज अनुपम खेर को और ज्यादा और बेहतर काम करने के लिए प्रेरित करती है? यह पूछने पर वह कहते हैं, एक जीवन मिला है, आप रोज सुबह उठते हैं और सोचते हैं कि वाह, एक और सुबह देखी तो सुबह उठना, काम पर जाना, मेकअप लगाना, आप सोचिए, कितने हजारों-लाखों लोग मुंबई आकर अपनी किस्मत आजमाना चाहते हैं। हम लकी लोग हैं कि हमें अपना हुनर दिखाने का मौका मिला। अब इस बात को मैं ग्रांटेड (अहमियत न दूं) लूं कि मैं थक गया हूं शूटिंग कर करके। मुझे बहुत अफसोस होता है ये देखकर कि हमारी पूरी जिंदगी निकल जाती है इस कोशिश में कि लोग हमें पहचाने और जब हम सक्सेसफुल हो जाते हैं तो हम काले चश्मे पहन लेते हैं कि कोई हमें पहचाने ना, हमें तंग न करे। मैं ऐसे नहीं सोचता हूं। अभी भी कोई मेरी फोटो खींचे तो मुझे अच्छा लगता है कि वाह, मुझे अब भी पहचानते हैं। जिंदा रहने का जो जोश है वो बरकरार रखना चाहिए। वही आपको जिंदा रखता है। मेरी ये सोच काम के प्रति भी है, जीवन के प्रति भी है।

### किरदार को ऐक्टिंग से अलग बनाना पड़ता है

द फीलांसर में अनुपम खेर मुख्य किरदार अनिवाश कामत के मार्गदर्शक डॉक्टर आरिफ के किरदार में हैं। ऐसे कमांडिंग ऑफिसर जैसे किरदार वह पहले भी निभा चुके हैं। ऐसे में, यह रोल चुनने की वजह पूछने पर वह कहते हैं, काम भी तो करना है न। ऐसा तो नहीं सोच सकता कि जब तक अलग नहीं मिलेगा, घर पे बैठा रहूंगा। फिर कई बार आप खुद अपनी अदाकारी से किरदार को अलग बनाते हैं। ये अनुभव से आता है कि आप अपने हर रोल को कैसे अलग बनाते हैं, अलग गेट अप, अलग सोच, अपने काम को जितना मुश्किल बनाओगे, उतना अच्छा रहेगा। मैं हर रोल करते वक्त अपने को ये कहता हूं कि मैं ऐक्टिंग के बारे में कुछ नहीं जानता। आप आम काम करके कमाल नहीं कर सकते। उसके लिए आपको कुछ एक्स्ट्रा करना ही होगा। बाकी तो सब चीजें एक जैसी ही होती हैं, उन्हें आप कितना अलग कर सकते है।

# चकाचौंध, ग्लैमर, छल और विश्वासघात की कहानी हैं रवीना टंडन की कर्मा कॉलिंग



जब दुनिया कदमों में हो, तो कर्मा कुछ नहीं बिगाड़ सकता- कुछ इस तरह का दमदार डायलॉग रवीना टंडन की आने वाली वेब सीरीज में सुनने को मिला। रवीना ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर सीरीज कर्मा कॉलिंग का ट्रेलर शेयर किया। कैप्शन लिखा- जैसा काम करोगे वैसा ही फल मिलेगा? कर्मा को आने दो, मैं संभाल लूंगी। रवीना टंडन इस वेब सीरीज में इंद्राणी कोठारी का किरदार निभाएंगी। इंद्राणी अलीबाग सोसायटी में राज करने वाली रानी हैं। चकाचौंध, ग्लैमर, छल और विश्वासघात की इस कहानी को रुचि नरेन ने डायरेक्ट किया है।

### चकाचौंध, ग्लैमर, छल और विश्वासघात की कहानी

एक इंटरव्यू के दौरान रवीना टंडन ने सीरीज में निभाए गए इंद्राणी के किरदार के बारे में बात की। उन्होंने कहा- इंद्राणी कोठारी का मानना है कि दुनिया उनका मंच है। मैंने बहुत लंबे समय से ऐसा कोई किरदार नहीं निभाया है। कर्मा कॉलिंग निश्चित रूप से जो दिखता है उससे कहीं ज्यादा है। यह सीरीज अमीरों की दुनिया के विभिन्न पहलुओं को बखूबी दिखाती है। इंद्राणी जैसा किरदार निभाते हुए मैंने खुद को बतौर एक्टर बहुत एक्सप्लोर किया है। इस तरह का किरदार ना पहले कभी किया गया है ना कभी देखा गया है। मैं ऑडियंस का रिस्पॉन्स देखने के लिए काफी एक्साइटेड हूं। डायरेक्टर रुचि नरेन ने कहा- कर्मा कॉलिंग की कहानी कोठारी परिवार की है। इस बहुत अमीर परिवार में क्या होता है, कौन साजिशें रचता है, प्रतिशोध, धोखे, विश्वासघात- कहानी इन सब पहलुओं के इर्द-गिर्द घूमती है। इतना कह सकती हूं कि ये सीरीज आपके लिए गिल्टी प्लेजर (दोषी आनंद) जरूर होगी। वहीं प्रोड्यूसर आशुतोष शाह ने कहा कि कर्मा कॉलिंग बेहद दिलचस्प सीरीज है। यह एक रोमांचक कहानी है जो अमीरों की दुनिया की एक मनोरम झलक पेश करती है। आशुतोष ने रवीना के टैलेंट और हार्ड वर्क की भी तारीफ की।

### रवीना वेलकम टू द जंगल में नजर आएंगी

रवीना टंडन अक्षय कुमार के साथ वेलकम फ्रेंचाइजी की फिल्म वेलकम टू द जंगल में नजर आएंगी। यह फिल्म अगले साल रिलीज होगी। रवीना हाल ही में सस्पेंस-थ्रिलर फिल्म वन फाइडे नाइट में नजर आई थीं। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा में 28 जुलाई को रिलीज हुई थी। इसके अलावा रवीना ब्लॉकबस्टर फिल्म केजीएफ- चैप्टर 2 में भी नजर आई थी।



# निधि दत्ता ने सम्भाली बॉर्डर-2 की कमान, स्क्रिप्ट और निर्देशन से करेंगी शुरूआत

साल 1997 में ज्योति प्रकाश दत्ता यानी जेपी दत्ता के डायरेक्शन में बनी फिल्म बॉर्डर रिलीज हुई। इसने कमाई के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए और एक मास्टरपीस बनकर निकली। जेपी ने इसके बाद भी वॉर पर आधारित कई फिल्में बनाई, लेकिन बॉर्डर जैसा रिस्पांस नहीं मिल पाया। जेपी दत्ता की बेटी निधि दत्ता प्रोड्यूसर, डायरेक्टर और राइटर हैं। उन्होंने बॉर्डर 2 की कमान संभाली है। वह इस फिल्म की स्क्रिप्ट लिख रही हैं। इसे जेपी फिल्म के बैनर तले प्रोड्यूस कर रही हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक वह इसे निर्देशित भी करेंगी। फिलहाल फिल्म पोस्ट प्रोडक्शन में चल रही है। जेपी दत्ता की बॉर्डर में सुनील शेट्टी, सनी देओल, अक्षय खन्ना, जैकी श्रॉफ, पूजा भट्ट, तब्बू और राखी जैसे बड़ा कलाकार थे। फिल्म से सनी देओल के मीम्स और डायलॉग्स आज तक वायरल होते हैं और इस पर मीम भी बनते हैं। बीते कई सालों से सीक्वल फिल्मों का दौर चल रहा है। वरुण धवन और सारा अली खान स्टारर कुली नं 1, आलिया भट्ट-आदित्य रॉय कपूर की सड़क 2, आदित्य और श्रद्धा कपूर की आशिकी जैसी फिल्में 90 के दशक की फिल्मों सीक्वल और रीमेक रहे थे।

बॉर्डर जैसी एपिक फिल्म का भी रीमेक और सीक्वल बनाने की लंबे समय से मांग चल रही थी। लोगों की मांग को पूरी करने की जिम्मेदारी अब निधि दत्ता ने उठाई है। वह पिता के साथ मिलकर इसकी स्क्रिप्ट पर काम कर रही हैं। अब निधि दत्ता बॉर्डर 2 को आज की पीढ़ी के हिसाब से लिख रही हैं। इसके लिए दो स्टार को पहले ही फाइनल कर लिया गया है। एक हीरो का नाम सनी देओल हैं, जिन्होंने बॉर्डर में लीड और खास रोल निभाया था। वहीं, बॉर्डर 2 में दूसरे कंफर्म एक्टर का नाम आयुष्मान खुराना है। रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म में आयुष्मान अहम रोल में होंगे। वह पहली बार सनी देओल के साथ काम करने जा रहे हैं।

# प्रभास ने कहा- 21 साल में बेस्ट डायरेक्टर के साथ काम करने का मौका मिला



सुपर स्टार प्रभास जल्द ही फिल्म सालार पार्ट 1- सीजफायर में नजर आएंगे। इस फिल्म को प्रशांत नील ने डायरेक्ट किया है। वहीं विजय किर्गंदुर फिल्म के प्रोड्यूसर हैं। ये फिल्म 22 दिसंबर को रिलीज होने वाली है। प्रभास ने कहा- सालार को हां कहने की पहली वजह तो प्रशांत नील ही थे। जब उन्होंने मुझे स्क्रिप्ट सुनाई तो उसमें बहुत सारे कमर्शियल एलिमेंट थे। ऑडियंस ने पहले कभी मुझे इस तरह के किरदार में नहीं देखा है। वे इस स्क्रिप्ट को अपने जिस स्टाइल के लिए जाने जाते हैं, उस तरह से तैयार कर रहे थे। हर महीने कुछ अच्छा करते जा रहे थे और फाइनली उन्होंने एक बहुत अच्छी स्क्रिप्ट बनाई। मेरे ख्याल से उन्होंने ऐसा पहले कभी नहीं किया है, मेरे ख्याल से उन्होंने इस फिल्म में बहुत सारा ड्रामा ऐड किया है और मुझे यह काफी एक्साइटिंग लगा।

**प्रशांत के साथ काम करने का आपका एक्सपीरियंस कैसा रहा?**

मेरे 21 साल की लाइफ में प्रशांत नील बेस्ट डायरेक्टर है। फन और रिलैक्सिंग। मैं इस चीज को लेकर बेसब्र था कि वो मुझे कब शूट के लिए बुलाएंगे। सेट पर जाने या फिर परफॉर्म करने से ज्यादा मैं प्रशांत के साथ टाइम बिताना चाह रहा था। ये पहली चीज थी मेरे मन में और मैने पिछले 21 साल में कभी ये महसूस नहीं किया था। यह चीज मैंने 6 महीने के लंबे समय तक महसूस की, मेरे ख्याल से एक महीने में ही हम बेहद करीब आ गए थे।

**आपके किरदार को शूट करने में कितने दिन का समय लगा?**

प्रशांत हीरो डायरेक्टर हैं। अगर मैंने कहा कि मैं इस समय पर आऊंगा वह उसमें कंफर्टेबल थे। जब एक बार एक्टर्स सेट पर आ जाते हैं, जैसे मैं, श्रुति या पृथ्वी सर तब कोई चीज नहीं रुकती है। वह उनको बिठाते हैं ना कि इंतजार कराते हैं, बल्कि आप सेट पर हैं तो सिर्फ आपके शॉर्ट्स पर ही उनका ध्यान रहेगा। इस तरह से मुझे कभी सेट पर इंतजार नहीं करना पड़ा, जबकि हम उन्हें कहा करते थे कि प्रशांत हम इंतजार कर लेंगे या फिर कभी-कभी मैं उनके पास मॉनिटर के यहां बैठकर बात करता था। पहले शेड्यूल पर जब मैं पहुंचा था, मुझे याद नहीं कितने बजे लेकिन तब उन्होंने हर चीज रोक दी थी कि हीरो की एंट्री हुई है। अब हम सिर्फ हीरो के शॉर्ट्स लेंगे। तब मैंने उन्हें कहा कि अरे कोई बात नहीं, मेरी आधी फिल्मों में मैंने इंतजार किया है। जैसे बड़ी फिल्में हम करते हैं जिनके बड़े सेटअप होते हैं, वहां कुछ देर तक इंतजार करते हैं तो यह नॉर्मल है इसमें कोई प्रॉब्लम नहीं है। लेकिन ये ऐसे डायरेक्टर हैं जो अपने एक्टर्स को इंतजार नहीं कराते हैं। अगर वो सेट पर आएंगे तो वो शूट करेंगे।

**सालार के सेट से जुड़ी कोई मेमोरीज्जो आप हमारे रीडर से शेयर करना चाहेंगे?**

प्रशांत अपने हीरोज को कभी कोई टफ शॉट करने नहीं देते हैं। वह इस चीज का ध्यान रखते हैं। लेकिन फिल्म में बहुत सारा ब्लड इस्तेमाल हुआ है। हम जब शूटिंग कर रहे थे तब ठंड का मौसम था, आपने वैसे सभी चीजों को ट्रेलर में जरूर देखा होगा। फिल्म से वो ब्लड आपकी बॉडी में लग जाते हैं और ठंड के मौसम की वजह से वह बहुत ही ठंडा हो जाता है तो यह पूरी फिल्म में बेस्ट टफ पार्ट था।

# एनिमल फेम अंशुल ने शेयर किए तेजस के शूटिंग एक्सपीरिएंस

कंगना रनोट स्टारर फिल्म 'तेजस' 27 अक्टूबर को रिलीज की गई थी। इसमें उनके साथ एक्ट्रेस अंशुल चौहान भी नजर आई थीं। हाल ही में साथ खास बातचीत के दौरान एक्ट्रेस ने कंगना के बारे में कुछ खास बाते बताई। उन्होंने कंगना के साथ काम करने का एक्सपीरिएंस शेयर किया। अंशुल ने बताया कि जब आप किसी अच्छे एक्टर के साथ काम करते हैं, तो इससे आपमें इंप्रूवमेंट आता है। उन्होंने कहा कंगना के साथ काम करके मैंने काफी कुछ सीखा है। रणबीर कपूर स्टारर फिल्म एनिमल में अंशुल उनकी छोटी बहन बनी हैं। एक्ट्रेस का कहना है कि इन सभी एक्टर्स के साथ काम करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है।

### रियल लाइफ में कैसी हैं कंगना रनोट

तेजस में कंगना की को-एक्टर रहीं अंशुल चौहान ने बताया कि कंगना एक मंझी हुई एक्ट्रेस हैं। अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए एक्ट्रेस ने कहा- मैंने शूटिंग के दौरान उनके साथ काफी समय बिताया। मुझे तब ये एहसास हुआ कि वो भी हमारे जैसी ही बहुत साधारण सी इंसान हैं। उन्होंने बताया कि तेजस की शूटिंग के दौरान उन्हें काफी मुश्किलें आई थीं, क्योंकि इस फिल्म में एयर फाइट का सीन दिखाया गया है। फिल्म के ज्यादातर सीन क्रोमा पर शूट किए गए थे। एक्ट्रेस का कहना है कि क्रोमा पर शूट करने में थोड़ी समस्या आती है। वहां हमें ग्रीन पर्दे पर ही सारे इमोशन दिखाने पड़ते हैं। हमारे पास बहुत कम रिसोर्स होते हैं, सारी चीजें आपको इमेजिन करनी होती हैं। अंशुल के लिए क्रोमा पर फाइट सीन करना काफी नया एक्सपीरिएंस था।

### अंशुल ने शाहरुख खान को 'किंग ऑफ बॉलीवुड' बताया

अंशुल ने रैपिड फायर राउंड के दौरान रणवीर सिंह को 'एनर्जेटिक' और शाहरुख खान को 'किंग ऑफ बॉलीवुड' बताया। फिल्म 'एनिमल' में अंशुल के पिता बने अनिल कपूर का नाम लेने पर एक्ट्रेस ने 'झक्कास' कहा। वहीं 'एनिमल' के डायरेक्टर संदीप वांगा रेड्डी को उन्होंने 'इंटेंस' नाम दिया। सोशल मीडिया पर चर्चा में रहने वाले इंफ्लूएंसर ओरी को उन्होंने 'मास्टरमाइंड ऑफ मार्केटिंग' कहा। एक्ट्रेस का नाम लेने पर उन्होंने दीपिका पादुकोण को 'हॉट' और रश्मिका मंदाना को 'क्यूट' का टैग दिया।

'तेजस' बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई नहीं कर पाई कंगना रनोट की फिल्म तेजस 2023 की बड़ी फ्लॉप साबित हुई थी। 27 अक्टूबर को रिलीज हुई इस फिल्म ने चौथे दिन तक सिर्फ 40 लाख रुपए का ही कलेक्शन किया था। इस तरह 4 दिन में फिल्म का कलेक्शन केवल 4 करोड़ 15 लाख का हो पाया था। फिल्म के कलेक्शन से समझा जाता सकता है कि फिल्म दर्शकों को लुभाने में नाकाम रही थी। दरअसल दर्शक इसे देखने थिएटर गए ही नहीं थे। यही वजह रही है कि थिएटर के मालिकों को तेजस के सभी शोज भी कैंसल करने पड़ रहे थे। वहीं ट्रेड एक्सपर्ट कोमल नाहटा ने इस फिल्म के बारे में कोई भी बात करने से मना कर दिया था।



# मोदी के गारंटी की गाड़ी देश के हर कोने में पहुंची : डॉ. महेश शर्मा

**नोएडा (चेतना मंच)** 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' नोएडा के आखिरी दिन सुल्तानपुर गांव पहुँची। जहां लोक सभा सांसद डॉ महेश शर्मा, राज्यसभा सांसद एवं राष्ट्रीय सचिव भाजपा सुरेंद्र नागर, नोएडा विधायक पंकज सिंह और जिलाध्यक्ष मनोज गुप्ता रहे।



डॉ. महेश शर्मा ने कहा कि कि देश के 60 करोड़ गरीब लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना नरेन्द्र मोदी सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि है। पीएम मोदी ने पाकिस्तान पर सर्जिकल स्ट्राइक कर भारत को सुरक्षित करने का काम किया, धारा 370 हटाने के अधूरे सपने को साकार किया। अयोध्या में भगवान राम का मंदिर बनाने का काम किया। हमारा चंद्रयान चांद पर पहुंचा और चांद पर तिरंगा फहराया गया। यह विकसित भारत संकल्प यात्रा ऐसे लोगों तक पहुंचने का बहुत बड़ा माध्यम बनी है, जो अब तक सरकार की योजनाओं से नहीं जुड़ पाए। 'मोदी की गारंटी' वाली गाड़ी आज देश के हर कोने में पहुँच रही है।

सुरेंद्र नागर ने भी इस मौके पर सभी को बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के पास पहुंचने के उद्देश्य से कम कर रही है।

पंकज सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि देश भर के गांवों और शहरों में करोड़ों परिवारों को केंद्र की भाजपा सरकार की किसी न किसी योजना का जरूर लाभ मिला है। जब ये लाभ गरीब जनता को मिलता है तो इससे उन लोगों में एक विश्वास बढ़ता है।

जिलाध्यक्ष मनोज गुप्ता ने भी इस विकसित भारत संकल्प यात्रा के सफल आयोजन के लिए सभी नोएडा के अधिकारिगण और समस्त भाजपा के कार्यकर्ताओं का धन्यवाद दिया और सभी से भारत को 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए प्रतिज्ञा भी दिलवाई।

कार्यक्रम संयोजक महामंत्री उमेश त्यागी ने भी वहाँ आये सभी ग्रामवसियों का धन्यवाद दिया।

इस यात्रा में एक मोबाइल वैन हमेशा चलती जिस पर एलईडी स्क्रीन पर सभी स्कीमों का विसुअल चलता है जिससे लोग स्कीमों को और समझ सकें।

कार्यक्रम में मण्डल अध्यक्ष सूरज पाल राणा, गोपाल गौड़, अशोक मिश्रा, उमेश त्यागी, गणेश जाटव, मनीष शर्मा, गिरजा सिंह, गिरीश कोटनाला, महेश अवाना, विनोद शर्मा, तन्मय शंकर, उमेश यादव, एसपी चमोली, मनोज चौहान, रवि मिश्रा, विवेक, सत्यप्रकाश त्यागी पूर्व प्रधान, शिवकुमार त्यागी, प्रतोष त्यागी,शिवनारायण शर्मा, सुरेंद्र त्यागी, जसबीर त्यागी, जगदीश शर्मा, परमानंद त्यागी, धर्मेंद्र शर्मा, प्रदीप चौहान, राजकुमार त्यागी, संदीप त्यागी, सहित जिला व मंडल के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सेक्टर-117 में सामुदायिक केंद्र का लोकार्पण



**नोएडा (चेतना मंच)** सेक्टर-117 की सामुदायिक केंद्र का उद्घाटन सांसद डा. महेश शर्मा व विधायक पंकज सिंह द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

आरडब्लूए अध्यक्ष कोसिंदर यादव ने बताया कि सेक्टर में क्षेत्रफल की दृष्टि से एक बडे सामुदायिक केंद्र का निर्माण करने हेतु नोएडा प्राधिकरण से काफी समय से मांग की जा रही थी, चूकिं सेक्टर-117 के आस-पास कोई भी बडा सामुदायिक केंद्र/बारातघर नही था जिसमें कि बडे प्रोग्राम आयोजित किये जा सकें। आरडब्लूए के लगातार प्रयासों के फलस्वरूप प्राधिकरण द्वारा सेक्टर में लगभग 5300 वर्गमीटर के सामुदायिक केन्द्र का निर्माण किया गया है।

कार्यक्रम में योगेन्द्र शर्मा, सोमेन्दर यादव, रोहित घइ, पवन यादव,अशोक मिश्रा, सहगल साहब, जी.सी शर्मा, अंजना भागी, प्रदीप वोहरा, सत्यपाल यादव, सुशील यादव, ओपी यादव, श्याम सिंह यादव, सुखदेव शर्मा, राजीव गर्ग, ऋषिपाल अवाना, विनोद शर्मा, लाट लाहब लोहिया, सुभाष भाटी, जितेंद्र कुमार, जंतर यादव, प्रमोद यादव, लोकपाल यादव, अमित चौहान, पिंटू यादव, राजीव शर्मा, के एल अवाना, नागेन्द्र सिंह, मोहित ऐडवोकेट,कनक, रामेश्वर यादव, महेन्द्र सिंह, प्रदीप मिश्रा आदि मौजूद थे।

# नेटवर्क-10 ने जीता नोएडा मीडिया कप



**नोएडा (चेतना मंच)** नोएडा मीडिया क्लब द्वारा आयोजित नोएडा मीडिया कप-2023 नेटवर्क-10 की टीम ने जीत लिया है। स्पोर्ट्स ग्राउंड में आयोजित नोएडा मीडिया कप 2023 के फाइनल मैच में दैनिक जागरण की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया।

दैनिक जागरण की टीम ने सभी विकेट खो कर 110 रन बना पाई जिसमें अखिलेश ने 28 और रोबिन ने 20 रनो की पारी खेली। नेटवर्क 10 की तरफ से अभिषेक भाटी ने 3 और अरुण यादव ने 2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी नेटवर्क 10 की टीम ने तीन विकेट के नुकसान पर मैच जीत लिया। संजय गोस्वामी ने नाबाद 61 रन और गौरव अवाना ने 30 रनों की पारी खेली। दैनिक जागरण की तरफ से प्रदीप शुक्ला, नवनीत और कृष्ण ने एक एक विकेट लिया। फाइनल मैच में फाइटर ऑफ़ द मैच अखिलेश पांडे और मैन ऑफ द मैच संजय गोस्वामी को चुना गया। बैट्समैन ऑफ द टूर्नामेंट रोबिन रावत, सर्वश्रेष्ठ बॉलर अभिषेक भाटी, और सर्वश्रेष्ठ फिल्डर की ट्रॉफी अतुल अवाना को नोएडा मीडिया क्लब के अध्यक्ष पंकज पराशर, मदरलैंड अस्पताल के सीईओ डॉ बबित और आईसीसीपीएल के सौरव पांडे ने दी।

# मुआवजा व भूखंड के लिए किसानों ने बनाई रणनीति

**नोएडा (चेतना मंच)** किसान एकता संघ द्वारा चौड़ा रघुनाथपुर के बारात घर में पंचायत का आयोजन किया गया। जिसमें 1976 से 1997 तक के किसानों ने अपनी मांगों को लेकर चौड़ा रघुनाथपुर गाँव में पंचायत कर रणनीति तय की। बैठक का नेतृत्व किसान एकता संघ के राष्ट्रीय संरक्षक चौधरी बाली सिंह ने किया। बैठक की अध्यक्षता धीर सिंह राणा मास्टर ने की। बैठक का संचालन प्रदेश अध्यक्ष पंडित प्रमोद शर्मा ने किया। बैठक में 10 फीसदी भूखंड तथा 297 रूपये प्रति की दर से मुआवजा वितरण किये जाने को की गई। जिसमें किसानों के साथ बेरोजगार हुए गांव के विभिन्न जातियों के लोगों के लिए भी 50 मीटर प्लॉट की व्यवस्था पर चर्चा की गई।



पंचायत में मुख्य रूप से अशोक कुमार नरेंद्र कुमार राणा मास्टर धीर सिंह राणा अशोक अवाना मास्टर विनोद कुमार सुरेंद्र शर्मा टीकम चौहान गोलू अंबावता अशोक शर्मा मोरना सचिन अंबावता रतिराम पंडित श्रीनिवास भागीरथ वीरपाल शर्मा देवेंद्र अवाना वेदराम शर्मा गजराज भारद्वाज देवेंद्र गुर्जर मोरना चरण सिंह राजपूत तेज सिंह निठारी पंकज शर्मा ओमवीर राजकुमार राजेंद्र बिशनपुरा राजवीर शर्मा प्रवेश,विपिन चौहान गिझोड रोहतास सिंह परम सिंह जीत सिंह भगवान लाल रहस्यउद्दीन राजवीर सिंह अंकित चौहान अमित चौहान जितेंद्र चौहान आसाराम वेदराम चौहान लाखन सिंह प्रताप चौहान रामकिशन नीरज चतर सिंह बिजेंदर बलराज महिपाल सिंह ओमपाल सिंह विक्रम सिंह ज्ञानचंद धीर सिंह चौहान आदि सैकड़ो की संख्या में किसानों ने भाग लिया।

# 'तीर्थ बचाओ धर्म बचाओ' रैली आयोजित



**नोएडा (चेतना मंच)।** दिल्ली में आयोजित विशाल विरोध रैली व सभा के माध्यम से विश्व जैन संगठन दवारा नयी दिल्ली के प्रसिद्ध रामलीला मैदान सहित सम्पूर्ण देश में संयोजित देशव्यापी जैन 'तीर्थ बचाओ धर्म बचाओ' जनआन्दोलन का समर्थन करने के लिए जैन सकल समाज नोएडा से बड़ी संख्या में समर्थकौ ने भाग लिया।

विश्व जैन संस्थान नोएडा के अध्यक्ष के के जैन ने बताया कि गुजरात उच्च न्यायालय ने स्पेशल लीव पेटिशन नंबर 2684/2004 में दिनांक 08.06.2004 को यथास्थिति बनाये रखने के आदेश पारित किये थे एवं दिनांक 17.02.2005 को अंतरिम आदेश पारित करते हुए सभी दिया था! किंतु अभी भी जैन श्रद्धालुओं, दत्तात्रेय और पर्यटकों को पूजा करने में बाधाये डाली जाती है और स्थल पर जाने का अधिकार नहीं है।

इस अवसर पर अध्यक्ष केके जैन,महासचिव दिनेश जैन,पंकज जैन, दीपक जैन, सुबोध जैन, राहुल जैन, प्रदीप जैन,दिनेश जैन,राकेश जैन, श्रीमती रिचा जैन, नवीन जैन, पारसमणी जैन,प्रदीप जैन,तथा अन्य पधाधिकारी उपस्थिति थे।

# एक हजार लोगों को कम्बल बांटे



**नोएडा (चेतना मंच)।** लक्ष्मी नारायण मंदिर, सेक्टर-56, नोएडा द्वारा किया गया। राम सीता के विवाह का दिवस पर कम्बल, गर्म वस्त्र व भोजन के पैकेट वितरण किया गया।

इस अवसर पर मंदिर की प्रबंध समिति के डॉ डी के मोदी , आरएन गुप्ता, ओपी गोयल, जीके बंसल, जेएम सेठ, आरके भट्ट, एके गुप्ता, हरीश सभरवाल, इंदर पाल खंडपुर, संजीव, अंबेश भांबरी, आरडब्ल्यूए-56 के संजय मावी, हरीश जुगरान, विक्रम चतुर्वेदी, मंदिर महिला मंडल की निर्मल हांडा, मंजु सेठ, मधु भट्ट, वंदना बंसल, सुषम मंधार, पंजाबी विकास मंच के विनोद ग्रोवर, दीपक बिग, सुनील वाधवा व अन्य गणमान व्यक्तियों जैसेकी एस के सेठ, भानु गर्ग, पारुल सेठ, व अन्नपूर्णा रसोई के आयोजकों आदि ने इस नेक काम में योगदान करने के लिए सब को प्रेरित किया।

